# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, बुधवार 12 मार्च 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 66




तीन वर्षों में सभी जिलों में होगा ... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाले सबसे...

## सार सुर्खियां

### बस पलटने से तीन छात्रों की मौत, 12 घायल

**जयपुर।** राजस्थान में नागौर जिले के सुरपालिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक स्लिपर बस पलटने से तीन छात्रों की मौत हो गई तथा 12 से अधिक छात्र घायल हो गये। पुलिस उपाधीक्षक खेमराम ने बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर के छात्रों की बस पंजाब से जोधपुर जा रही थी कि आज सुबह करीब 05.30 बजे सुरपालिया थानाक्षेत्र में ट्रेलर से टकराकर पलट गयी। हादसे में तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल छात्रों को जेएलएन अस्पताल नागौर में लाया गया जहां से गंभीर रूप से घायल चार छात्रों को जोधपुर रेफर किया गया है। हादसे में मरने वाले छात्रों के शवों को जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में एक हीं परिवार के तीन लोगों की मौत

**मधेपुरा।** बिहार में मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक हीं परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बाइक सवार तीन लोग जा रहे थे। इस दौरान उदाकिशुनगंज-ग्वालपाड़ा राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 106 पर झलारी गांव के समीप पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार तीनो लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद पिकअप वैन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान तेल्डीहा गांव निवासी विशाल महतो (25), उसकी मां माला देवी (55) और भाभी आरती देवी (30) के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अवैध संबंध के शक में मां बेटे की हत्या

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के चरवा क्षेत्र में अवैध संबंध के शक में प्रेमी और उसकी मां की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी गई। इस मामले पुलिस ने तीन व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि काजू गांव निवासी सनी को शक था कि उसकी बहन से गांव के ही कल्लू का अवैध संबंध है। इसी खुन्नस के चलते बीती देर रात में शनी अपने भाई श्रवण और मां शांति देवी के साथ योजना बनाकर कल्लू उर्फ सर्वजीत के घर पहुंच गए। दोनों पक्षों में वाद-विवाद होने लगा। इस दौरान हमलावरो ने कुल्हाड़ी से कल्लू पर प्रहार कर दिया। बचाव में उसकी मां सगीता आई तो उसे भी कुल्हाड़ी से

# पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक

## 450 यात्रियों को बनाया बंधक, 6 सैनिकों की मौत , बीएलए ने कहा- एक्शन लिया तो बंधक मारे जाएंगे

एजेंसी

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान में जफ्फार एक्सप्रेस ट्रेन पर मंगलवार को बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, बलूच बंदूकधारियों ने करीब 450 यात्रियों को बंधक बना लिया है। ट्रेन के ऊपर गोलीबारी भी की गई, जिसमें ड्राइवर समेत कई लोग घायल हुए हैं।



अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत की यह घटना है। प्रांत की राजधानी क्वेटा में रेलवे के सीनियर अधिकारी मुहम्मद काशिफ ने बताया, बंदूकधारियों ने ट्रेन में सवार 450 से अधिक यात्रियों को बंधक बना लिया है। जफ्फार एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन जब बलूचिस्तान में कच्छी जिले के माच टाउन के आब-ए-गुम इलाके में पहुंची, तभी उस पर हमला हुआ। करीब 6 बंदूकधारियों ने रेलगाड़ी पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इसने कहा कि उन्होंने ट्रेन पर सवार लोगों को बंधक बना लिया है, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। रेलवे कंट्रोलर मुहम्मद काशिफ ने कहा कि 9 डिब्बों वाली इस ट्रेन में लगभग 500 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा, ट्रेन को टनल नंबर 8 के पास सशस्त्र लोगों ने रोक दिया। यात्रियों और स्टाफ से संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बयान में आगे कहा गया, 'रेलवे विभाग ने बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर अधिक ट्रेनें भेजी हैं। घटना के पैमाने और आतंकी तत्वों की संभावना का आकलन किया जा रहा है।'

# आप खुद क्यों ट्रेनिंग नहीं लेते, मंत्री सदन में समय से नहीं आतेः खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा था कि नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्ष के सदस्यों को रिफ्रेश कोर्स कराया जाए। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष ने इसका जवाब देते हुए सत्ता पक्ष को ही ट्रेनिंग लेने की सलाह दी।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, नेता सदन जेपी नड्डा ने कल कहा कि संसद के नियम और प्रक्रिया की जानकारी के लिए नेता प्रतिपक्ष और बाकी विपक्षी नेताओं को ट्रेनिंग लेनी चाहिए। मैं उनसे पूछता हूं, आप खुद क्यों ट्रेनिंग नहीं लेते,लेते ? आपके लोग सदन में समय से नहीं आते, आपके मंत्री समय से नहीं आते। यह शर्म की बात है। इससे पहले सोमवार को राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा था कि नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्ष के सदस्यों को एक रिफ्रेश कोर्स कराया जाए, ताकि इन्हें संसद के नियमों-कायदों का पता लग सके। सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

मैं इनके वॉकआउटवॉकआउट की निंदा करता हूं और इसे गैर जिम्मेदार रवैया मानता हूं। सोमवार को कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल विभिन्न मुद्दों पर नियम-267 के अंतर्गत सदन में चर्चा चाहते थे। चर्चा की मांग को लेकर सदन में हंगामा हुआ। अनुमति नहीं मिलने पर विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउटवॉकआउट किया।

# पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखुल से की मुलाकात

## महाकुंभ का पवित्र गंगाजल किया भेंट





एजेंसी

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखुल से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ का गंगाजल उपहार स्वरूप भेंट किया। मंगलवार सुबह दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने गोखुल को कई अन्य उपहार भी दिए।

राष्ट्रपति गोखुल से मुलाकात करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से भेंट की और दोनों नेताओं ने सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। मोदी के यूट्यूब चैनल के अनुसार, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति गोखुल से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ के गंगाजल समेत कई उपहार दिए।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेला आयोजित हुआ, जिसमें गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर बड़ी संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई ।इससे पहले, करीब एक दशक बाद मॉरीशस पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# एक बार फिर भूकंप से कांपी कच्छ की धरती

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले में मंगलवार को 2 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 3.0 और 2.8 थी। हालांकि, जिला प्रशासन ने बताया कि इस घटना में किसी भी प्रकार की हानि या हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप के पहले झटके की तीव्रता 2.8 थी, जो सुबह 11 बजकर 11 मिनट पर महसूस किया गया। इसका केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ क्षेत्र से उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में था। इसके ठीक एक मिनट बाद, यानी 11रू12 बजे, 3.0 तीव्रता का भूकंप महसूस हुआ, जिसका केंद्र रापर से 16 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा में था। भूकंप के कारण जिले में किसी तरह की संपत्ति की हानि या जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। कच्छ जिला भूकंप के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है और यहां पहले भी भूकंप के झटके आते रहे हैं। कच्छ जिले में 2001 में एक बड़ा भूकंप आया था, जिसमें करीब 13,800 लोगों की जान चली गई थी और लगभग 1.67 लाख लोग घायल हुए थे।

# गैंगस्टर अमन साहू पुलिस एनकाउंटर में ढेर

## एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर केस में पूछताछ के लिए रांची लाने की थी तैयारी

एजेंसी

**रांची।** झारखंड के पलामू से आ रही है, जहां गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर से रांची लाने के दौरान पलामू जिले में उसका एनकाउंटर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पलामू जिले के चैनपुर के अंधारी ढोडा के पास झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर अमन साहू को गोली मारी गई है। अमन साहू पिछले तीन महीने से रायपुर के जेल में बंद था। रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने अमन साहू को रांची लाया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रायपुर से रांची के दौरान पुलिस की गाड़ी पलामू के चैनपुर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद अमन साहू ने पुलिस का हथियार छीन लिया और भागने लगा। पुलिस ने जब उसे रोकने की



- रायपुर से रांची लाने के दौरान पलामू में मारा गया
- अमन साहू ने पुलिस का हथियार छीन कर भागने का प्रयास किया
- साथी पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने की कर रहे थे कोशिश

कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी।

पुलिस की टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें अमन साहू को कई गोलियां लगी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस दौरान एक पुलिस जवान को भी गोली लगने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार अमन साव गिरोह के सदस्यों ने चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अन्धारी ढोढ़ा में पुलिस वाहन पर बम से हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद अमन साव पुलिस जवान का हथियार छीनकर भागने लगा। लेकिन वो अपने प्रयास में सफल नहीं हो सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। अमन साव के खिलाफ झारखंड के विभिन्न जिलों के कई थाना क्षेत्रों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज है। पलामू में एक दर्जन से भी बड़े आपराधिक घटनाओं के मामले में भी अमन के खिलाफ केस दर्ज है।

# एक ही परिवार के 4 लोगों ने किया सुसाइड

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में सोमवार शाम को उस्मानिया विश्वविद्यालय पुलिस स्टेशन के अंर्तगत हब्सीगुडा में एक दंपती ने अपने दो बच्चों की जान लेने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान चंद्रशेखर (45), उनकी पत्नी कविता (35), बेटी श्रीथा रेड्डी (15) और बेटे विश्वन रेड्डी (10) के रूप में हुई है।



प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कलवाकुर्ती का मूल निवासी चंद्रशेखर पिछले एक साल से हब्सीगुडा में रह रहा था। उन्होंने बताया कि पहले चंद्रशेखर एक निजी कॉलेज में लेक्चरर के रूप में कार्यरत था। पिछले छह महीनों से उसके पास कोई नौकरी नहीं थी। माना जाता है कि आर्थिक तंगी के कारण परिवार ने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि दंपति ने कथित तौर पर अपने बेटे को जहर दिया और अपनी बेटी को फांसी पर लटका दिया और फिर छत से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल पर छोड़े गए सुसाइड नोट में कथित तौर पर चंद्रशेखर रेड्डी ने लिखा है, हम मर रहे हैं क्योंकि हमारे पास कोई और रास्ता नहीं है... सॉरी। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## चुनाव आयोग ने सभी दलों को लिखा पत्र

# कई मुद्दों पर 30 अप्रैल तक मांगे सुझाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने देश के सभी राजनीतिक दलों को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। आयोग ने पत्र में सभी दलों से चुनावी प्रक्रिया को और सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए उनके सुझाव मांगे हैं।

आयोग का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया को मजबूती देने के लिए यह कदम उठाया गया है ताकि लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसके तहत चुनावी सुधारों पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने यह भी कहा कि यह संवाद कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से होगा। आयोग का उद्देश्य है कि चुनाव में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके ताकि सभी नागरिकों को एक साफऔर उचित चुनाव प्रक्रिया का अनुभव हो सके। वहीं यह कदम भारतीय लोकतंत्र को और भी मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है जिससे राजनीतिक दलों और आम जनता के बीच विश्वास बढ़ सके।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें WhatsApp करें

9935781155, 9415052283


# उत्तर प्रदेश में बनेगा 700 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस वे

## गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे से 22 जिलों की चमकेगी किस्मत, एक्सप्रेस वे का उत्तर प्रदेश के विकास में होगा योगदान

एजेंसी

**लखनऊ।** गोखपुर-शामली एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे होगा। ये 700 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस वे पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ते हुए न केवल यात्रा को आसान बनाएगा। उत्तर प्रदेश में एक नया और महत्वाकांक्षी एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है, जिसे गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के नाम से जाना जाएगा। यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे के रूप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस



एक्सप्रेसवे की लंबाई 700 किलोमीटर है और गोरखपुर से शामली तक फैला होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने के साथ प्रदेश के 22 जिलों से होकर गुजरेगी, जिससे राज्य में कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी ।गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे गोरखपुर से शुरू होकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए शामली तक पहुंचेगा। इसके मार्ग में संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, हरदोई, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, संभल, बिजनौर, अमरोहा, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली जिलों का समावेश होगा। यह एक्सप्रेसवे 37 तहसीलों को जोड़ने वाला है, जो प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 35,000 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है। सरकार की योजना है कि इस परियोजना का काम 2024 के अंत तक शुरू कर दिया जाए। इसके पूरा होने में 3 से 4 साल का समय लग सकता है। यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी गति देगी। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के निर्माण से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि गोरखपुर से शामली के बीच का यात्रा समय जो वर्तमान में लगभग 15 घंटे है, वह घटकर केवल 8 घंटे रह जाएगा। इस एक्सप्रेसवे के बनने से यात्रा का समय और सुगमता दोनों ही बढ़ेंगे।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
शकुन टाइम्स




# जीआरपी थाना पर खोया मोबाइल फोन पाकर लोगों के खिले चेहरे





शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** पुलिस उपाधीक्षक रेलवे कुंवर प्रभात सिंह के निर्देशन में आगामी होली,ईद त्योहारों के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों,सर्कुलेटिंग एरिया में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक हेमन्त सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा भिन्न-भिन्न तारीखों को चौकी व थानों पर भिन्न-भिन्न लोगो द्वारा मोबाइल चोरी की गुमशुदगी तहरीर दर्ज करायें जाने पर कुल 191मोबाइल फोन बरामद किया गया। सभी 191 मोबाइल फोनों को मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द करने हेतु सूचना देकर बुलाया गया।इस दौरान मंगलवार को 33 मोबाइल स्वामी ही जीआरपी थाना पर उपस्थित हुए।

उन्हें उनका खोया मोबाइल फोन सुपुर्द किया गया। बरामद 191 मोबाइलों की कीमत पचास लाख रूपये बताया गया।

मोबाइल पाने वाले लोगों ने जीआरपी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा किया। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में जीआरपी प्रभारी निरीक्षक हेमन्त सिंह,

उ0नि0 राजेश कुमार सिंह, हे0का0 सौभाग्य पाण्डेय,हे0का0 सत्येन्द्र बहादुर शाह,का0 सुमित सिंह,सर्विलांस प्रभारी मय टीम शामिल रहे।

# रेस्टोरेंट में लगी आग,प्रथम दृष्ट्या शॉर्ट सर्किट बताई जा रही



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** थाना लालपुर पाण्डेयपुर अन्तर्गत पहड़िया स्थित एक रेस्टोरेंट में मंगलवार सुबह आग लग गई.घटना की जानकारी तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई.आग की

चपेट में आने से दो बाइक समेत रेस्टोरेंट के कुछ सामान जलकर खाक हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार रमरेपुर (पहड़िया) निवासी दिलीप गुप्ता की मामा बाटी चोखा रेस्टोरेंट है.संचालक ने बताया कि रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई.मौके पर पहुंची फायर टीम और चौकी प्रभारी पहड़िया अमृत राज ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई.आग की चपेट में आकर रेस्टोरेंट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.इस दौरान दो बाइक व टेबल जल गया।

# शिक्षा से ही समाज की उन्नति संभव- प्रभुनारायण विधायक

### आइडियल पब्लिक स्कूल नदेसर मारूफपुर का वार्षिकोत्सव संपन्न



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** क्षेत्र के मारूफपुर स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव थे, जबकि विशिष्ट अतिथि ब्रांड एम्बेसडर चंदौली राकेश यादव रौशन, बीएल फ़ौजी और सुनील यादव युवा शक्ति। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सकलडीहा प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति शिक्षा के बिना संभव नहीं है। शिक्षा विकास की धुरी है, इसलिए हर वर्ग के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित जरूर बनाना चाहिए।विशिष्ट अतिथि मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) चंदौली के ब्रांड एम्बेसडर राकेश यादव रौशन ने कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति एक दीपक के समान होता है, जो जहां होता है वहीं उजाला फैलाता है। वह स्वयं तो जीवन में प्रगति करता ही है, साथ ही समाज को भी लाभान्वित करता है। इसलिए सभी कार्यों से बढ़कर शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखे। बीएल फ़ौजी ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति देश के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों को समझ सकता है। इसलिए शिक्षित बनो और जीवन में आगे बढ़ो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश नारायण राय ने, धन्यवाद प्रबंधक कमलेश मौर्या ने और संचालन रामदरश यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सैयद सरफ़राज़ पहलवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रमा यादव, ग्राम प्रधान जमालपुर ज्ञानी जैल सिंह, मंगला यादव, कांता फ़ौजी, रामसकल मास्टर, छोटेलाल, विजय सिंह बालाजी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विकास कार्यो को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से विधायक अवधेश सिंह ने की चर्चा

### विधायक ने पिण्डरा विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का खींचा खाका, केंद्रीय मंत्री ने दी शाबाशी



शकुन टाइम्स संवाददाता

**पिंडरा/वाराणसी।** वाराणसी के पिण्डरा विधानसभा के भाजपा विधायक डा. अवधेश सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने विधायक से प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर खुशी जताई। विधायक अवधेश सिंह ने मंत्री का आभार जताया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पीएम संसदीय क्षेत्र में अब तक कराए गए विकास कार्यों पर खुशी जताई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश तेजी से तरक्की कर रहा है। जनता विकास कार्यों से पूरी तरह संतुष्ट है। भविष्य में और भी कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई। वहीं, पिण्डरा विधानसभा के लिए विशेष पैकेज पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पिंडरा विधायक डॉक्टर अवधेश सिंह,सैयद राजा के विधायक सुशील सिंह भी मौजूद रहे।

# भट्ठा संचालकों का एक प्रतिनिधि मंडल उप मुख्यमंत्री व पर्यावरण मंत्री से मिला

### मंत्री ने दिया आश्वासन नहीं बंद होंगे ईंट भट्ठे

शकुन टाइम्स संवाददाता





**रामेश्वर/ वाराणसी।** ईंट निर्माता संघ वाराणसी मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना के नेतृत्व में वाराणसी जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल 11 मार्च दिन मंगलवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व वन व पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर आरपी सिंह से मिलकर भट्ठा चलाने में आ रही दिक्कतों के बाबत अवगत कराया।

भट्ठा संचालकों की पीड़ा को सुनकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री,मंत्री व चेयरमैन ने भट्ठा संघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि ईंट भट्ठे बंद नहीं होंगे, क्योंकि ईट भट्ठों पर गरीब ,असहाय लोगों को भट्ठा संचालको के द्वारा मजदूरों को रोजगार दिया गया है। सरकार भी रोजगार के प्रति अग्रेषित है इस वजह से किसी के भी ईंट भट्ठे बंद नहीं किए जाएंगे। और पुलिस प्रशासन के द्वारा भट्ठा संचालकों को कहीं से प्रताड़ित नहीं करेंगे। प्रदेश सरकार जल्द ही नया नीति लागू कर आप लोगों को न्याय दिलायेगी। आप लोग घबराइये नहीं सरकार भी इस विषय पर मंथन कर रही है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर आरपी सिंह ने कहा कि सरकार जल्द ही नया नीति लागू करने के बाद ईट भट्ठा संचालकों को कैंप लगाकर एनओसी दिया जायेगा। बनारस माननीय प्रधानमंत्री जी का क्षेत्र है यहां पर किसी व्यापारी का (भट्ठा संचालक) का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ।प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना, घनश्याम सिंह यादव , संजय सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, सत्येंद्र यादव सत्या, हरिओम सिंह, अजीत सिंह, हेमंत सिंह, अमित कुमार सिंह, तरुन सिंह, सहित तमाम लोग शामिल है।

# तथ्य छिपा कर छुट्टी लेना अध्यापिका को पड़ा भारी, हुई कारवाई

**सोनभद्र।** म्योरपुर शिक्षा क्षेत्र की सहायक अध्यापिका को तथ्य छिपा कर छुट्टी लेना भारी पड़ गया और जांच के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र द्वारा कारवाई की गई। पत्र के अनुसार कंपोजिट विद्यालय कनौड़िया की सहायक अध्यापिका मधु यादव द्वारा मेडिकल अवकाश स्वीकृत नहीं होने के बावजूद एक सप्ताह तक मेडिकल अवकाश उपभोग किया गया,यही नहीं इनके द्वारा 1 वर्ष में नियम के विपरीत चार बार तथ्य छिपा कर बाल्य देखभाल अवकाश का आवेदन कर दिया गया एवं स्वीकृत होने के बाद जब बीईओ म्योरपुर के संज्ञान में आया एवं वार्ता हुई तो प्री ज्वाइनिंग रिक्वेस्ट भेजा गया जिसे बीईओ द्वारा स्वीकार कर लिया गया। पूरे प्रकरण की शिकायत खुद मधु यादव द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र को किया गया था जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र ने एक जांच समिति गठित की जो पूरे प्रकरण का जांच कर अपनी आख्या प्रस्तुत किया। जांच आख्या में यह बात सामने आई कि मधु यादव द्वारा जान बूझ कर तथ्य छिपा कर अवकाश बाल्य देखभाल अवकाश हेतु आवेदन किया गया।

# सोरांव तहसील में लेखपालों की मनमानी से अधिवक्ता और वादकारी परेशान, काम के लिए काट रहे चक्कर

### तहसील परिसर में नहीं बैठते लेखपाल, मोबाइल भी स्विच ऑफ, जनता को नहीं मिल रहा न्याय

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सोरांव।** तहसील सोरांव में लेखपालों की मनमानी से अधिवक्ता और वादकारी परेशान हैं। तय समय और निर्धारित दिनों में तहसील परिसर में बैठने की बजाय अधिकतर लेखपाल नदारद रहते हैं, जिससे फरियादियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, जब लोग फोन पर संपर्क करने की कोशिश करते हैं, तो अधिकतर लेखपालों के मोबाइल स्विच ऑफ मिलते हैं। कुछ लेखपालों की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि वे किसी का फोन तक नहीं उठाते। महा कुम्भ ड्यूटी का हवाला देकर नहीं किया जा रहा था कार्य, अब फोन तक नहीं उठाते लेखपाल पिछले दो महीनों से लेखपाल महा कुम्भ मेला ड्यूटी का हवाला देकर काम करने से बच रहे थे। लेकिन अब जब यह कारण भी नहीं बचा, तब भी वे फोन उठाने से बच रहे हैं और कार्यों को लेकर बहानेबाजी कर रहे हैं। इसका खामियाजा तहसील में आने वाले फरियादियों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें अपने जरूरी काम के लिए कई-कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

**खेत को परती दिखाकर खसरा बनाने की शर्त, परेशान काश्तकार**

मिली जानकारी के अनुसार, मौजा उस्मान के लेखपाल रमेश पटेल के पास खसरा बनवाने के लिए एक काश्तकार पिछले कई दिनों से चक्कर काट रहा है, लेकिन उसका खसरा नहीं बन पाया। जब उसने लेखपाल के मुंशी से संपर्क किया, तो मुंशी ने गेहूं लगे खेत को परती दिखाकर खसरा बनाने की शर्त रख दी।

**उच्च अधिकारियों की चुप्पी से बढ़ रही अव्यवस्था**

लेखपालों की इस मनमानी की शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अधिवक्ताओं और वादकारियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**जनता को चाहिए न्याय, दोषी लेखपालों पर हो सख्त कार्रवाई**

तहसील सोरांव के वादकारी और अधिवक्ता मांग कर रहे हैं कि लेखपालों की इस लापरवाही को संज्ञान में लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए। यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो किसानों, काश्तकारों और न्याय की आस में आए लोगों का विश्वास तहसील प्रशासन से उठ जाएगा।


# रक्तदान करने वाले संस्थानों को किया गया सम्मानित



**मऊ।** जनपद के जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करने वाले संस्थाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया डॉक्टर सी0पी0 आर्य ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 20 से 25 संस्थाएं हमारे यहां रक्तदान करते हैं और जब-जब आवश्यकता पड़ती है वह संस्थाएं हमेशा तत्पर रहती हैं उसी के उपलक्ष में मऊ जिला अस्पताल के सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें सभी संस्थाओं के मुखिया को बुलाकर अवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# काली मंदिर के पास से होकर जाने वाली मुख्य मार्ग लगभग दो दशक से बदहाली पर आंसू बहा रही है

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चन्दौली/तारा।** जीवनपुर ।क्षेत्र के अमोघपुर गांव में काली मंदिर के पास वर्षों से कच्चे मार्ग पर सीवर व सीसी रोड निर्माण का कार्य शुरू होने से ग्रामीणों के आवागमन के परेशानी की समस्या दूर होने की उम्मीद जग गई है। विकास खंड नियामताबाद के अमोघपुर गांव में काली मंदिर के पास से होकर जाने वाली मुख्य मार्ग लगभग दो दशक से बदहाली पर आंसू बहा रही थी। बरसात के दिनों में मार्ग पर पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ।यही नहीं ग्रामीणों के नाबदान का पानी के निकासी की भी व्यवस्था नहीं थी। इसको ध्यान में रखते हुए ग्राम प्रधान सुनील चौहान की पहल पर इनदिनों सीवर का काम शुरू हो गया है। जिससे ग्रामीणों के घरों के पानी की निकासी की समस्या दूर होगी। वही सीसी रोड निर्माण होने के बाद आवागमन की भी समस्या दूर होने के उम्मीद ग्रामीणों को जगी है। अनिल पटेल,आनंद मौर्य, भैयालाल, मुन्ना पटेल, गुड्डू पटेल,लक्ष्मण यादव, सुनीता देवी,रीना यादव आदि लोगों ने बताया कि लंबे समय से जल निकासी व मार्ग की समस्या से हम लोग जूझ रहे थे ।अब इससे निजात मिलने की उम्मीद जगी है।

# आगामी त्योहार के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के द्वारा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** पुलिस कार्यालय बाबतपुर में पुलिस उपायुक्त गोमती जोन प्रमोद कुमार एवं श्री आकाश पटेल अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन द्वारा आगामी होली त्योहार तथा वर्तमान में चल रहे रमजान माह को सकुशल सम्पन्न कराने एवं कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत गोमती जोन के समस्त थाना प्रभारी,चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई,होली त्योहार के मद्देनज़र,सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सम्मानित नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करेंगे। थाना क्षेत्र में किसी भी नई प्रथा या परंपरा की शुरुआत न करने के निर्देश दिए गए। होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करने,प्रत्येक स्थल पर वालंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु निर्देशित किया गया। पिछले वर्षों में होली के दौरान हुए विवादों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की पहचान करें। वहां शांति समिति/आयोजन समिति के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव दें तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सतर्क निगरानी बनाए रखें। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीमों को शराब की दुकानों की जांच के लिए निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ सक्रिय रूप से गश्त करें। साथ ही,चिन्हित स्थानों और अंतरजनपदीय बॉर्डरों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच सुनिश्चित करें,ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके ।सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डी.जे. संचालकों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों से संबंधित प्रावधानों की जानकारी प्रदान कर शासन द्वारा निर्गत गाइडलाइन्स के अनुपालन हेतु निर्देशित किया गया ।सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जाएगी,और भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा, प्रशिक्षु सहायक पुलिस आयुक्त थाना कपसेठी तथा समस्त थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** कल दिनांक 11 मार्च 2025 को जनपद जौनपुर में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग के समन्वय से शाही किला में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत मिशन के दिशा-निर्देशों के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर आधारित कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनमें उनके आत्मविश्वास और कला का बेहतरीन प्रदर्शन हुआ। नन्हें-मुन्हें बच्चों के इन मनमोहक प्रदर्शन ने उपस्थित सभी दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन जौनपुर के यशस्वी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में निपुण भारत मिशन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने आज अपनी प्रस्तुति से कान्वेंट विद्यालयों को भी मात दी है। इस अवसर पर वरिष्ठ खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाएं बच्चों के अधिगम स्तर और आत्मविश्वास में सकारात्मक वृद्धि का कारण बन रही हैं। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी महराजगंज, रमेश चन्द्र पटेल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में बालवाटिका के नोडल शिक्षकों, निपुण बच्चों और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में समस्त विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी,एस आरजी कमलेश यादव और अजय मौर्य, कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग देने वाले नामित ए आरपी व शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षिकाओं, नन्हें बच्चों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा और समर्पण को उजागर किया।



# जिला संयुक्त चिकित्सालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण दौरान पैरामेडिकल स्टॉफ चिकित्सकों की शत प्रतिशत उपस्थिति, साफ सफाई सहित दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।**

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, चिकित्सक कक्ष संख्या 7, 8, 9,10 का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित चिकित्सकों/ मरीजों से संवाद कर उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में जाना। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की उपस्थिति, मेडिकल वार्ड, रेडियोलॉजिस्ट कक्ष, महिला वार्ड/पुरुष वार्ड, फिजियोथैरिपी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, आपातकालीन वार्ड, दवा स्टोर एवं स्टॉक रुम, विशिष्ट ऑपरेशन वार्ड, एस एन सी यू वार्ड, किचेन रुम, नर्स ड्यूटी कक्ष समेत अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। डीएम ने वार्ड में मरीजों से दवा और डॉक्टरों के द्वारा रेगुलर चेक अप के बारे में पूछताछ की। जिलाधिकारी द्वारा मरीजों से वार्ता कर उसके बीमारी के संबंध में जानकारी ली गई तथा जांच आदि के संबंध में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से जानकारी लेने उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। विशिष्ट ऑपरेशन वार्ड में ,एक्स रे कक्ष व आपातकालीन कक्ष में चिकित्सक व स्टाफ मौजूद पाए गए औषधि स्टॉक एवं वितरण कक्ष का निरीक्षण कर कालाजार, एंटीवेनम, एंटी रेबीज दवाओं के स्टॉक तथा अन्य दवाओं की उपलब्धता तथा उनकी एक्सपायरी तिथि का निरीक्षण जिलाधिकारी ने किया। प्रतिदिन निकलने वाले दवाओं की जानकारी सहित प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में भी पूछताछ की। मरीजों के लिए बनने वाले भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण सहित मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी ली गई। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा मरीजों के लिए उपलब्ध बेड की व्यवस्था, वार्डों के फर्श की सफाई, शौचालय की व्यवस्था एवं अन्य कमरों की साफ-सफाई की व्यवस्था भी देखी गई तथा सभी पैरामेडिकल स्टाफ, चिकित्सकों को ड्यूटी के दौरान समुचित ड्रेस कोड में रहने, सभी प्रकार के दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं पूरे अस्पताल परिसर को साफ सुथरा रखने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा पैरामेडिकल स्टाफ अन्य चिकित्सकों को समय से शत प्रतिशत उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीएमएस डॉ दिलीप कुमार, डॉ एम एच खान, डॉक्टर बृजनंदन, डॉक्टर आलोक सिंह, अन्य चिकित्सकगण सहित अस्पताल के अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बिना दस्तावेज घुसपैठ करने वाला बांग्लादेशी गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** महराजगंज पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी करते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान वज्र के तहत की गई। होली के त्योहार को देखते हुए नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद किया गया है, जिसके चलते पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने 10 मार्च 2025 को चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान नेपाल सीमा पर स्थित पीलर संख्या 501/6 ग्राम मटरा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सैफुल इस्लाम (35 वर्ष) पुत्र मोहम्मद इशान अली, निवासी ग्राम दुपूरिया, थाना जिनाइकटी, राज्य मायमनसिंह, बांग्लादेश बताया। जब उससे भारत में प्रवेश के वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद निचलौल थाना में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा संख्या 0069/2025, धारा 14(  ) विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।




## संक्षिप्त समाचार

### नगर में नहीं हैं एक भी आंगनवाड़ी केन्द्र, कैसे दूर हो कुपोषण

**विडंबना उतरौला।** आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला में आंगनवाड़ी केन्द्र सृजित न किए जाने से नगर वासियों के नौनिहालों को कुपोषण से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने निदेशक बाल विकास सेवा व पुष्टाहार लखनऊ को बीते सितंबर माह में शासकीय पत्र लिखकर नपाप उतरौला क्षेत्र में 35 आंगनवाड़ी केन्द्र सृजित करने की मांग की थी। उसके साथ विधायक राम प्रताप वर्मा ने भी शासन को पत्र लिखकर उतरौला नगर में आंगनवाड़ी केन्द्र खोलने की मांग की थी। बावजूद आज तक नपाप उतरौला क्षेत्र में एक भी आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं खुल सके। इससे नगर क्षेत्र के बच्चों के साथ गर्भवती व धात्री महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### दो स्कूलों से चोरों ने हजारों का माल पार किया

**जमुनहा।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहना में स्थित कम्पोजिट विद्यालय परसोहना में सोमवार रात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों का माल पार कर दिया। प्रधान शिक्षक रमेश कुमार यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चोर दो इनवर्टर, तीन बैटरी, एक बोरी चावल, सब्जी, मसाले, साउंड सिस्टम, खेल सामग्री, नन्ही कली योजना के बैग, पंखा व विद्यालय के कुछ जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए। मंगलवार को जब वह विद्यालय पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसी ग्राम पंचायत के मनकौरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी चोरों ने सोमवार रात चोरी को अंजाम दिया। शिक्षामित्र रेनू सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि जब वह विद्यालय पहुंची तो रसोईघर का ताला टूटा हुआ मिला और वहां रखा सारा बर्तन गायब था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी बर्तनों की चोरी हो गई थी। जिसके बाद 15 रुपये के नये बर्तन खरीदे गए थे। जिन्हें भी चोर उठा ले गए। इसके साथ ही राशन, मसाले, तेल और अन्य जरूरी सामान भी चोरी कर ले गए।

### रोडवेज बस का इंजन में फुंका तार, धुएं से अफरातफरी

**जरवलरोड।** जरवलरोड के निकट ओवरब्रिज के पास मंगलवार शाम में लखनऊ जा रही रोडवेज की बस के इंजन में धुआं उठा जिसके चलते यात्रियों में से अफरा तफरी मच गई। चालक ने होशियारी कर साइड मे बस लगा यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया। चिन्गारी फैलने नहीं पाई। आग पर तत्काल काबू पा लिया गया। दरअसल बस तेज रफ्तार में थी। अचानक बस के अंदर धुआं उठता देख यात्री सहम गए। चालक ने तत्काल ब्रेक लगा दी। शार्ट सर्किट से तार में आग लगी थी। इससे धुआं उठा था। बस से यात्रियों को निकालकर बोनट हटा दिया। देखा तार जल रहा है। उसे बुझाया तब तक यात्री नीचे उतर गए। जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को देते हुए कंडक्टर की मदद से काबू पाया गया। बस चालक बृजेश मिश्रा द्वितीय ने बताया कि उसने बस में अचानक धुआं उठता देख बस को मार्ग किनारे खड़ी कर दिया।

### पेयजल संकट से जूझ रहे फतेपुर बनगई के लोग

**जमुनहा।** फतेपुर बनगई गांव के लोग पेयजल की संकट से जूझ रहे हैं। ग्राम पंचायत में लगी पानी टंकी व लगे हैंडपंप सालों से खराब हैं। इससे लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। विकास क्षेत्र जमुनहा के ग्राम पंचायत फतेपुर बनगई में लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। जिसके निर्माण में 176.24 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

# शौचालय के स्नान घर में बेहोश मिली महिला

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लक्ष्मनपुर।** सामुदायिक शौचालय के अन्दर बने स्नान घर में एक महिला को बेहोशी की हालत में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दीवार तोड़वाकर महिला को बाहर निकलवाया। इसके बाद महिला को पास के ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भर्ती कराया गया। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के परसिया राजा गांव निवासी रेखा देवी पत्नी राम सिंह यादव मंगलवार को गांव के बाहर बने सामुदायिक शौचालय के अन्दर स्नान घर में बेहोशी की हालत में पाई गई। बताया जाता है कि सुबह शौचालय के सभी दरवाजे खुले थे लेकिन स्नानघर का दरवाजा अन्दर से बंद था इस पर लोगों को शक होने लगा। लोगों ने धक्का देकर दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन नहीं खुला। देखते ही देखते मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। लोगों ने मोबाइल का कैमरा चालू कर खिड़ी के सहारे अन्दर का वीडिया बनाया। जिसके बाद वीडियो देखा तो अन्दर रेखा देवी फर्श पर पड़ी थी। लोगों का अंदाजा था कि उसकी मौत हो चुकी है। लोगों की ओर से पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर लक्ष्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी जगतराम मौर्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दीवार को तोड़वाकर महिला को बाहर निकाला। जिसे बेहोश पाया गया। आनन फानन में महिला को गांव में बने आरोग्य मंदिर ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया। पति राम सिंह ने बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार चल रही है जिसका इलाज हो रहा है।

## मत्स्य एवं पशुपालकों को केसीसी के तहत ज्यादा से ज्यादा ऋण वितरण का निर्देश: डीएम

# बैंकर्स के साथ डीएम ने किया समीक्षा बैठक

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महाराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा डीएलआरसी/डीएलबीसी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ऋण जमानुपात की जानकारी ली। एलडीएम महराजगंज ने अवगत कराया कि जनपद का ऋण जमानुपात जो मार्च 2024 में लगभग 65.99 प्रतिशत था, दिसंबर में बढ़कर 70.39 प्रतिशत है।

जनपद के ऋण जमानुपात में सुधार पर संतोष व्यक्त किया। लेकिन पीएनबी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,व भारतीय स्टेट बैंक को अपने ऋण जमानुपात में सुधार हेतु कड़ा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वार्षिक ऋण योजना के सापेक्ष 80त्न से कम प्रगति वाले बैंकों के जिला समन्वयकों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्राथमिक क्षेत्र ऋण के वितरण में तेजी लाने का निर्देश देते हुए एलडीएम को ख़राब प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबंधकों की प्रगति से एसएलबीसी को अवगत कराने निर्देशित किया।

मत्स्य व पशु पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ज्यादा से ज्यादा ऋण वितरण का निर्देश दिया। उन्होंने कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि सहित विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदन आवश्यक रूप से लंबित न रहें और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत ऋण वितरण स्वीकृति/वितरण की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत प्राप्त लक्ष्य 1000 के सापेक्ष कुल ऋण स्वीकृति 949 रहा, जबकि 506 मामलों में ऋण वितरण किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि सहित अन्य योजनाओं के तहत लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कृषि अवसंरचना कोष योजना के तहत भी ऋण वितरण को तेज करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, एलडीएम महराजगंज भूपेंद्र नाथ मिश्रा, एलडीओ आरबीआई जितेंद्र मोरे, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# होली को भी भाजपा ने बनाया राजनीतिक मुद्दाः गोपाल यादव

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों ने रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मीराबाई छात्रावास के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के छठे दिन का प्रारम्भ प्रार्थना सभा व लक्ष्यगीत के साथ हुआ।

मंगलवार को स्वयंसेवक - स्वयंसेविकाओं को योग व आत्मरक्षा अभ्यास ताईकांडों प्रशिक्षक आदित्य जायसवाल ने कराया गया। इसके अतिरिक्त शिविरार्थियों ने सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता रैली निकाली। जो गोरखपुर महानगर के सिविल लाइन से गोलघर होते हुए शिविर स्थल पर समाप्त हुई।

शिविर में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

छठवे दिवस के बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विषय के सहायक आचार्य डॉ. त्रिभुवन मिश्रा ने भारत में जलवायु परिवर्तन की स्थिति और चुनौतियाँ विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निधि राय ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीयूष सिंह, प्रदीप यादव, और चारो इकाईयों के स्वयंसेवक व स्वयंसेविका उपस्थित रहे।

# होली को भी भाजपा ने बनाया राजनीतिक मुद्दा: गोपाल यादव

शकुन टाइम्स संवाददाता

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के सचिव गोपाल यादव ने कहा कि रंगों के पर्व होली को भी भाजपा ने अपने फायदे के लिए राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। श्री यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कईयों नेताओं की ओर से होली पर्व को लेकर के ऐसे ऐसे बयान दिए जा रहे हैं जिनका कतई कोई औचित्य समझ नहीं आता है लेकिन भाजपा नेताओं में रंगों के पर्व को अपने फायदे के लिए राजनीति का मुद्दा बना डाला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के दर्जा प्राप्त मंत्री रघुराज सिंह कह रहे कि जो रंग से बचना चाहता है, वह तिरपाल का हिजाब पहन ले, जिससे टोपी और शरीर ढका रहेगा ।ऐसे बयान रंगों के पर्व होली पर समझ से परे नजर आ रहे है ऐसे बयानों से रंगों के पर्व होली पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा नेता हमेशा मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम करते है। यादव ने सवाल किया कि किसी मुस्लिम धर्म गुरु ने ये नहीं कहा कि हम होली नहीं खेलने देंगे बल्कि ज्यादातर जगहों पर उन्होंने अपनी नमाज का समय भी बढ़ा दिया है, किसी ने कुछ नहीं कहा लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेता अपनी तरफ से इस तरह की बाते करके माहौल खराब करना चाहते है। तिरपाल ओर हिजाब जैसी बातें करके जबरदस्ती लोगों को उकसाने का काम किया जा रहा है, जिससे लोग भड़क जाए और माहौल खराब हो जाए, लेकिन अब लोग समझदार हो गए है वो इस तरह की बातों पर यकीन नहीं करेंगे। उन्होने भाजपा विधायक केतकी सिंह के अस्पतालों में मुसलमानों के अलग वार्ड की मांग पर कहा कि ये उनके मानसिक रूप से बीमार होने का प्रमाण है, हमारा संविधान सभी धर्मों को समान रूप से देखता है।

# विभिन्न राजनीतिक दलों से संवाद करेगा चुनाव आयोग

शकुन टाइम्स संवाददाता




**महाराजगंज।** भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं।

राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की पहल की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया, ताकि चुनावी शुचिता के प्रति विश्वास को मजबूत किया जा सके। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं।

राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# रासायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक रंग से खेलें होली: जीडी पांडेय

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर।** सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल में होली उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने जमकर अबीर गुलाल लगाकर होली खेली है। होली उत्सव पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधक जीडी पांडेय ने होली के महत्व छात्रों को बताया। कहा कि यह ऐसा त्यौहार है जो सामाजिक सरोकारिता को बढ़ाने के साथ-साथ आपसी गिले शिकवे को दूर करता है। उन्होंने छात्रों को रासायनिक पदार्थों से बने रंग का इस्तेमाल न करने एवं प्राकृतिक रंग से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के छात्र सर्वेश, आदर्श, सरोज, आदित्य, अंश, देव, अंशिका, आराध्या व शानवी ने होली पर आधारित गीत, नृत्य एवं कहानियां प्रस्तुत की। वही जया, दिव्यांशी, आरोही, खुशी, पंखुड़ी, सृष्टि, जागृति व ओम ने मनमोहक होली नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बी पांडे, अखिल आर्य, शिवम तिवारी, आराधना गुप्ता, गरिमा, रितिक, शिवानी, शिवम, मुस्कान, रोशनी, शिवानी सिंह व कांति दुबे आदि शिक्षक एवं छात्राओं ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

## कर्ज दिलाने के बहाने जमीन अनुबंध कराने वाले चार को पुलिस ने दबोचा

**बलरामपुर।** सीधे साधे व अनपढ़ बुजुर्ग ग्रामीण से सरकारी गृह निर्माण के लोन दिलाने के बहाने उसकी कीमती जमीन अनुबंध करने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना रेहरा बाजार में अभियोग पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय भेज दिया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि राम कृपाल उर्फ ननकू पुत्र फागू निवासी केराडीह थाना रेहरा बाजार ने स्थानीय थाने पर तहरीर दिया था। उसने तहरीर में कहा है कि कृष्ण मोहन पाण्डेय उर्फ चिन्ता राम पाण्डेय पुत्र बासुदेव पाण्डेय निवासी ग्राम केराडीह, अरुन यादव पुत्र हृदय राम निवासी ग्राम बसावन बनटक, विनय चतुर्वेदी पुत्र राज किशोर निवासी ग्राम रेहरा बाजार व प्रहलाद वर्मा पुत्र बल्लू लाल निवासी देवारी खेरा थाना रेहरा बाजार ने ऋण दिलाने के नाम पर एक लाख रुपया ले लिया है।

# जिले में होली के त्यौहार को लेकर नामित किए गए मजिस्ट्रेट

## 02 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 06 जोनल, 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती।

शकुन टाइम्स संवाददाता

♦ **सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु मजिस्ट्रेट गणों की हुई है तैनाती।**

**कुशीनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष होलिका दहन व होली का पर्व दिनांक 13 व 14 मार्च, 2025 को बड़ी श्रद्धा व धूम-धाम से मनाया जाना सम्भावित है तथा दिनांक: 14 मार्च, 2025 शुकवार को जुम्मे की नमाज भी पढ़ा जायेगा। उक्त त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट / जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसील/पुलिस चौकीवार दिनांक- 13.03.2025 से दिनांक- 14.03.2025 तक के लिए तैनात किए है। जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं। इसके आलावे रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये है। उन्होंने बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेगे कि किसी भी होलिका दहन या होली स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वहां कोई विवाद ना हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शान्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को अवगत करायें तथा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तुस्थिति से भी अवगत करायेंगे तथा सम्बन्धित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेगें तथा भीड़ वाले स्थलों तक कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेगें। *वर्तमान समय में धारा 163 लागू है। सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे। दिनांक 13 व 14 मार्च को समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें* तथा समय पर आवश्यकतानुसार सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेगें। समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट चौकी इन्चार्ज, थानाध्यक्ष, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद / नगर पंचायतें, अधीक्षण अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता (विद्युत), अग्निशमन अधिकारी के दूरभाष मोबाईल / बेसिक नम्बर भी अपने पास रखेगें। समस्त मजिस्ट्रेट सकुशल त्यौहारों को सकुशल सम्पादन के पश्चात ही ड्यूटी स्थल से सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराकर डयूटी तैनाती स्थल छोड़ेगे। यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है. तो तत्काल पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर व अपर जिला मजिस्ट्रेट तथा जिलाधिकारी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कुशीनगर में इसके लिए एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर- 05564-240590 है।



# चार दिन से पेयजल आपूर्ति बंद होने से कस्बावासियों ने किया प्रदर्शन

## होली और रमजान की त्योहार होने पर भी विभागीय अधिकारी अनजान

◆ **खराब चकवाल की मरम्मत नहीं होने से पेयजल की समस्या गहराया**

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** कस्बा स्थित टिमिलपुर जलनिगम की तीन लाख लीटर की टंकी से कस्बा सहित आधा दर्जन गांवों में पेयजल आपूर्ति होती है। बीते चार दिनों से जल निगम की टंकी का चकवाल पानी खोलने वाली मशीन खराब होगया है। जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। होली और रमजान पर्व पर पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। होली से पूर्व पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं होने पर व्यापारियों ने आन्दोलन की चेतावनी दिया। बीते दो साल बाद भी जल जीवन मिशन के तहत नागेपुर, सकलडीहा,ईटवा,तेन्दुई सहित कई गांवों में टंकी का निर्माण नहीं हो पाया। टिमिलपुर में जल निगम की टंकी से ही इन गांवों में पेयजल आपूर्ति होता है। बीते एक सप्ताह पूर्व सकलडीहा इंटर कॉलेज गेट के समीप केबिल डालते समय पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित होगया था। दो दिन बाद ठीक होने पर जल निगम की टंकी की चकवाल पानी खोलने वाली मशीन खराब होगया। जिसके कारण न भरी टंकी खाली हो पा रहा है। टंकी में पानी होने के बाद भी पेयजल आपूर्ति चार दिनो से वाधित है। होली और रमजान के त्योहार पर पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया। इस बाबत एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि शीध्र ही अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस मौके पर विरोध जताने वालों में सुरेश यादव, मोनू, सुमित, अभय यादव रिंकू, मंगल,पंकज, शिव,मनीष चौहान सहित अन्य रहे।

# बाइक दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** धानापुर थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी 42 वर्षीय रामलखन राम को बीते 9 मार्च को बाइक सवार युवकों ने धक्का मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल होगये। आरोप है कि सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार से कुछ लोगों की ओर से मारपीट किया गया। इसके बाद परिजनों ने घायल को सीएचसी से जिला हास्पीटल ले गये। हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। मंगलवार को सुबह इलाज के दौरान निधन होगया।

घटना के बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। वही बाइक सवार युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नरौली गांव के स्व.राजूराम का पुत्र रामलखन अपने बाइक से अपने नतीनी अश्रिता को लेकर बरठी दवा के लिये गया था। दवा लेकर टेकापुर अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। इसी दौरान बरठी तुलसी आश्रम मार्ग पर बाइक सवार युवकों ने ओवर टेक करते हुए धक्का मार दिया। जिससे रामलखन गंभीर रूप से घायल होगये। आरोप है कि सूचना पर टेकापुर गांव से पहुंचे रिश्तेदारों से कुछ लोगों ने मारपीट किया। वही इलाज के दौरान बाइक सवार युवक की ट्रामा सेंटर में निधन होने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। युवक की मौत पर पत्नी निशा देवी बेटा पंकज, प्रमोद और बेटी पिंकी और सिंकी का रोते रोते बुरा हाल है। इस बाबत कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ब्लॉक प्रमुख ने लाखों की लागत से निर्मित विकास कार्यों का किया लोकापर्ण

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** विकास खंड के धरहरा ब्लॉक संशाधन केन्द्र सहित गांवों में लाखों की लागत से कराएं गए विभिन्न विकास कार्यो का मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने लोकापर्ण किया। इस मौके पर अतिथि और अधिकारियों ने ग्राम प्रधान को किए गए विकास कार्यों के लिएं योगदान का सराहना किया। लम्बे समय से धरहरा बीआरसी पर संचालित उच्च प्राथमिक विधालय में एमडीएम की भोजन खाने में बच्चों को समस्या होता था। ग्राम प्रधान श्वेता सिंह ने बच्चों को खाना खाने के लिये मल्टीपरपज दस लाख की लागत से टीन सेड और ब्लॉक संशाधन केन्द्र में 6 लाख की लागत से इंटर लॉकिंग कार्य 12 लाख की लागत से आगनबाड़ी केन्द्र और दस -दस लाख की लागत से ढक्कनदार नाली और इंटरलॉकिंग कार्य कराया। ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने सभी कार्यों का लोकापर्ण करते हुए कहा कि हर गांव सभा में प्रधान की जागरूकता से मूलभूत समस्या दूर हो जायेगा। प्रधान के विकास कार्यों के प्रति रूचि का अधिकारी सहित ग्रामीणों ने सराहना किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश राय, प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह, जेपी रावत, नीरज सिंह बाला, जयनारायण यादव, अमित तिवारी, अशोक सिंह, श्वेता सिंह, बृजेश पांडेय, कल्लू सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभाव कपिल देव अग्रवाल जी द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी के 05 मरीजों को लिया गया गोद

## समाज के प्रबुद्ध लोगों से अपील करते हुये कहा कि वो भी आगे बढकर टीबी रोगियों को गोद लें

शकुन टाइम्स संवाददाता



**मुज़फ्फरनगर।** माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल जी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया तथा भर्ती व्यक्तियों एवं आगंतुकों से उनके स्वास्थ्य लाभ एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए दवाइयों के स्टॉक का निरीक्षण किया।

तथा जीवन रक्षक एवं अन्य दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए इसी क्रम मे माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल जी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुनील तेवतिया के कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में 05 क्षय रोगियों को गोद लिया गयाग जिसके अन्तर्गत उनके द्वारा टीबी के उन 05 रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। पोषण पोटली वितरण समारोह कार्यक्रम में डा0 लोकेष चन्द्र गुप्ता, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा मंत्री महोदय का आभार प्रकट किया गया तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों से अपील करते हुये उनसे अनुरोध किया गया कि वो भी आगे बढकर टीबी रोगियों को गोद लें। गोद लेने का तात्पर्य के अन्तर्गत टीबी रोगियों को उनके इलाज के दौरान प्रत्येक माह एक पोषण पोटली प्रदान की जाती है ताकि वो दवाई के साथ साथ और अधिक पोषण प्राप्त कर सकें। निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा उनको प्रत्येक माह इलाज के दौरान 1000 रु0 प्रतिमाह मरीज के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया

# विजिलेंस और विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, 21 के कनेक्शन काटे

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** भांवरकोल थाना क्षेत्र के अवथही और अमरूपुर में विजिलेंस और विद्युत विभाग ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 72 घरों के विद्युत कनेक्शन को संयुक्त टीम के द्वारा चेक किया गया। चेकिंग के दौरान टीम को मीटर से बाईपास करके, बिना कनेक्शन के विद्युत चोरी करते, कटिया डालकर विद्युत चोरी करते लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों पर संयुक्त टीम ने प्राथमिकी दर्ज की। इस दौरान कुल आठ लोगों पर विद्युत चोरी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। उपखंड अधिकारी अमित कुमार राय ने बताया कि अवथहीं और अमरुपुर में आठ लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया गया है और 21 लोगों के कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई है। इस दौरान पूरे गांव में विद्युत और विजिलेंस के पहुंचने की सूचना पर हड़कंप मच गया और चोरी से विद्युत उपभोग करने वाले लोगों में बेचैनी देखी गई और कुछ लोगों ने अपने तार को तुरंत खंभे से अलग कर लिया। विद्युत चेकिंग टीम में विजिलेंस प्रभारी बृजेश कुमार, उपखंड अधिकारी अमित कुमार राय, विजिलेंस जेई अजय पटेल एवं विद्युत विभाग के लाइनमैन और अन्य लोंग उपस्थित रहे।

# जिस बेटे को उंगली पकड़ कर चलना सिखया, आज वही मुझे उंगली दिखाता है

**जिस बूढे पिता का सहारा बनना था, बेटे ने उसे ही बेसहारा छोड़ दिया**

**कलेक्टर ने माता-पिता भरण पोषण अधिनियम के तहत एसडीएम को कार्रवाइे के दिए निर्देश**

**जनसुनवाई में आए 90 आवेदन**

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सीहोर।** जिस बेटे को मैंने उंगली पकड़कर चलना सिखाया, वही बेटा आज मुझे उंगली दिखाता है। हर बाप की तरह मेरी भी उम्मीद थी कि बेटा मेरे बुढ़ापे की लाठी बनेगा, लेकिन बेटे ने तो अपने हाथ में लाठी लेकर मुझे ही घर से निकाल कर बेसहारा कर दिया। यह दर्द भरी दास्तां इछावर नगर के वार्ड नम्बर 12 निवासी श्री देवीसिंह ने जनसुनवाई में कलेक्टर श्री बालागुरू के. को सुनाई। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने पहले बुजुर्ग श्री देवीसिंह को बैठाया, उनकी पूरी बात सुनी और इछावर एसडीएम श्री जमील खान को तुरंत वीसी के माध्यम से माता-पिता भरण पोषण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर बालागुरू के तथा सीईओ जिला पंचायत डॉ नेहा जैन ने जिले भर से आए 90 नागरिकों की सुनवाई की और निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, सेवनिवृत्ति उपरांत मिलने वाले लाभ से संबधित, फर्जी तरीके से गाड़ी विक्रय करने से संबधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, श्री आनंद सिंह राजावत, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

**बुजुर्ग ने कलेक्टर से लगाई वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की गुहार**

जनसुनवाई में आष्टा तहसील के ग्राम उदयपुर निवासी बुजुर्ग श्री बाबूदास बैरागी ने कलेक्टर श्री बालागुरू के से वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की गुहार लगाई है। बुजुर्ग श्री बाबूदास ने कलेक्टर श्री बालागुरू के से कहा कि मेरी और मेरी पत्नी की देखभाल के लिए हमारी कोई संतान नहीं है। मैने वृद्धा पेंशन के लिये 08 माह पहले पंचायत के सचिव को वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन दिया था, पर अभी तक मेरी पेंशन चालू नही हुई है। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को इस मामले में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**मकान के मुआवजे का आवेदन लेकर पहुंचा आवेदक**

जनसुनवाई में अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए जावर तहसील के ग्राम केशवपुर निवासी श्री उमरांव सिंह कलेक्टर श्री बालागुरू के को बताया? कि कान्याखेड़ी सिंचाई परियोजना अंतर्गत उनका मकान डूब क्षेत्र में जा रहा हैं तथा शासन द्वारा किए गए सर्वे में उनका मकान किसी कारणवश सर्वे से छूट गया है। श्री उमरांव सिंह ने कलेक्टर श्री बालागुरू के से मकान का सर्वे कराने एवं मकान का उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को इस मामले में त्वरित कार्यवाही कराने के निर्देश दिए हैं।

# कृष्ण ने अघासूर का अंत कर ग्वाल बालों की रक्षा की- स्वामी वेदमूर्तिनंद सरस्वती

शकुन टाइम्स संवाददाता




**सलेमपुर।** स्थित महदहां स्थित श्रीराधा गोविंद धाम पर हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के छठवें दिन कथा व्यास वेदमूर्तिनंद सरस्वती ने कहा कि जब कंस को पता चला कि नंद बाबा के यहां बालक का जन्म हुआ है तो कंस को डर सताने लगा वह बालक कृष्ण को मारने की युक्ति सोचने लगा और पूतना को विष का स्तनपान कराने हेतु भेजा।

भगवान पूतना का स्तनपान करते हुए उसके भी जीवन का अंत कर दिया। इसके बाद कंस तृणावर्त नामक राक्षस को भेजा। तृणावर्त बवंडर बनकर भगवान कृष्ण को आकाश में लेकर चला गया। प्रभु ने तृणावर्त को इस कदर दबाया कि उसके भी जीवन का अंत हो गया। बछड़ा बने बकासुर को भी प्रभु ने अंत कर दिया इसके बाद कंस ने मायावी अघासुर को बालकृष्ण को करने के लिए भेजा। वह इतना बड़ा मुख कर दिया कि ग्वाल बाल गुफा समझकर उसके मुख में घुस गए प्रभु ने देखा कि ग्वाल बाल सब संकट में है उन्होने भी अघासुर के मुख में घुस कर अपने शरीर को इतना फैलाया कि उसका भी अंत हो गया और भगवान कृष्ण ने ग्वाल बालों के प्राणों की रक्षा की। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु में जो विश्वास करते हैं, प्रभु का जो भजन, कीर्तन, मनन करते हैं भगवान भी उनका हमेशा रक्षा करते हैं। कथा का रसपान करने वालों में मुरली मनोहर रास मंदिर के संस्थापक वेद प्रकाश, धर्मगुरु दयानंद सरस्वती, स्वामी राधारंग, प्रबंध प्रमुख शंभू दयाल गुप्ता, सोमेश्वर सिंह पूर्वांचल, संजय गुप्त, रमेश श्रीवास्तव, जीतेंद्र कुमार तिवारी, पंडित गौतम मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद, जीतेंद्र कुमार तिवारी, नित्यानंद राय, प्रतीक मिश्रा, अरविंद यादव, पुनित यादव, अभिषेक जायसवाल, राजीव मिश्रा, रवि कुशवाहा, छेदी जायसवाल, अन्नपूर्णा देवी, वैजयंती देवी, प्रीति वर्मा, विष्णु वर्मा, चैतन्य प्रकाश आदि प्रमुख रहे।

# चलती गाड़ी में लगी आग, बाल-बाल बचे सवार



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां।** कस्बा के यूनियन बैक के पास चलते-चलते गाड़ी में आग लग गई। जिससे अफरा-तफरी का महौल हो गया। वही आस-पास के दुकानदारों ने शीघ्रता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, नही तो एक बड़ी घटना घट सकती थी। कवई पहाड़पुर निवासी रंजित यादव अपनी चार पहिया वाहन से चहनियां स्थित एक निजी अस्तपताल में जा रहे थे। जैसे ही चहनियां यूनियन बैंक के पास पहुँचे अचानक बोनट से धुंआ निकलने लगा। बोनट के अंदर आग लग गयी। जिससे आनन-फानन में ड्राइवर ने गाड़ी खड़ी कर उसमें सवार तीन लोगों को बाहर निकाला और बुझाने लगा। आसपास दुकानदारों ने तत्परता दिखलाते हुए घरों से बाल्टी मे पानी लेकर दौड़ पड़े और आग पर किसी तरह काबू पा लिया जिससे भारी घटना घटने से बच गयी।

# परिवन विभाग, खनिज विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध परिवहन कर रहे पकड़े 93 वाहन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद मे जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में दिनांक-08.03.2025 से 10.03.2025 की मध्य परिवहन विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम जनपद में अवैध खनन / परिवहन की जांच की गयी। जांच में 93 वाहन अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर खनिज विभाग द्वारा आनलाइन चालान किया गया, जिससे लगभग रु0-49.60 लाख की राजस्व प्राप्ति की जानी है। 93 वाहनों में से 29 वाहनों से रु0-15.62 लाख की धनराशि राजकीय कोष में जमा करायी गयी है तथा 15 वाहनों को थाना चिकासी व 18 वाहनों को थाना जलालपुर की सुपुदर्गी में दिया गया है। अवैध खनन / परिवहन / ओवरलोड़िग पर निरन्तर कार्यवाही चलती रहेगी।

# दो पत्रकार के हत्यारे को फांसी दो फांसी दो

## धरना प्रदर्शन शोकसभा नारेबाजी कर सैकड़ो पत्रकारों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित सौपा ज्ञापन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कौशाम्बी।** दो दिन पहले सीतापुर जनपद में दिनदहाड़े गोली मारकर निर्ममता पूर्वक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या किए जाने के बाद पत्रकार समुदाय में जबरदस्त उबाल है और चारों तरफ पत्रकारों में गुस्सा दिखाई पड़ रहा है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के पत्रकारों ने न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला के नेतृत्व में डायट मैदान में धरना प्रदर्शन शोक सभा के बाद नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौपा है सीतापुर जनपद में दिनदहाड़े पत्रकार की हत्या के विरोध में शामिल पत्रकारों ने कहा कि सीतापुर जनपद में पत्रकार की हत्या में शामिल और हत्या की साजिश रचने वाले लोगों को फांसी पर लटकाया जाए मृतक के परिजनों को दो करोड रुपए आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी दी जाए इस मौके पर पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए और पत्रकारों को सुरक्षा दिया जाए धरना प्रदर्शन शोकसभा के दौरान जनपद के विभिन्न पत्रकार संगठन न्यू प्रेस क्लब भारतीय पत्रकार संघ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब विश्व पत्रकार महासंघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों ने इस धरना प्रदर्शन में शामिल होकर पत्रकार के हत्यारे को फांसी दिए जाने की मांग की है इस मौके पर विमलेश शुक्ला सुशील केसरवानी अली मुक्तजा अभिसार भारतीय सुबोध केसरवानी अमित शुक्ला सुशील मिश्रा शिव शंकर मोदनवाल उत्तम मिश्रा शिव शंकर तिवारी रजनीश तिवारी मनोज सिंह जिया रिजवी महेंद्र शुक्ला राकेश केशरी करन सिंह, ध्यान सिंह, निश्चल पाण्डेय, निरंजन चौधरी, विपुल तिवारी, कुलदीप कुमार, संजीत सिंह उर्फ रिंकू, अंकित मिश्र, संजय वर्मा, शैलेन्द्र द्विवेदी, अमित शुक्ल, श्रवण तिवारी, नरेंद्र द्विवेदी, राम किशन, विवेक मिश्र, अनिरुद्ध पाण्डेय, आबिद, अनय श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अखिलेश गौतम, अंकित सिंह इंद्रजीत गौतम, हंसराज सिंह, शिवा यादव, राहुल यादव, आलोक यादव, अमन कुमार,आर्य शुक्ल सच्चिदानंद मिश्र, सैफ रिजवी, नावेद अहमद, रामप्रसाद गुप्ता, चंद्रभान सिंह, मनोज सिंह, सुनील चौधरी, विजय यादव, नरेंद्र यादव सहित सैकड़ो पत्रकार शामिल रहे सीतापुर जनपद में पत्रकार की हत्या से आक्रोशित सिराथू मंझनपुर चायल तहसील के अनेकों पत्रकार संगठन के पदाधिकारी सदस्यों ने भी धरना प्रदर्शन नारेबाजी शोक सभा करके राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर पत्रकार के हत्यारो को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# विधायक आवास के सामने सचिव के घर पर नकाबपोश बाइक सबारों नें की ताबड़तोड़ फायरिंग

**फर्रुखाबाद।** रंजिश में विधायक आवास के सामने सचिव के घर पर नकाबपोश बाइक सबारों नें ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे हडकंप मच गया। पुलिस नें जाँच पड़ताल की।

कोतवाली फतेहगढ़ के जेएनवी रोड निवासी भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर का आवास है। उनके आवास के ठीक सामनें अमित शुक्ला का घर है। अमित शुक्ला विकास खंड कमालगंज के ग्राम पतौजा में सचिव पद पर तैंनात है। मिली जानकारी के मुताबिक़ उनके पुत्र विराट शुक्ला के साथ रंजिश के चलते तीन नकाबपोश बाइक सबार शाम लगभग 6-30 बजे अमित शुक्ला के घर के बाहर पंहुचे और कई राउंड फायर किये। आरोपी फायरिंग करके फरार हो गये। गोली अमित शुक्ला के दरवाजे में लगी। अमित शुक्ला नें डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 व कोतवाल सत्यप्रकाश फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे और जाँच की। पुलिस को एक गोली भी पड़ी मिली।



# बीईओ ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**म्योरपुर/सोनभद्र।** म्योरपुर शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आज विभिन्न विद्यालयों में वार्षिक उत्सव एवं इकोक्लब के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बच्चों ने धूम धाम से वार्षिक उत्सव को मनाया एवं इकोक्लब के अंतर्गत लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रासपहरी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर विश्वजीत कुमार ने इकोक्लब के महत्व को साकार करने के लिए पौधा रोपण किया एवं बच्चों को प्रकृति प्रेमी बनने का संदेश दिया। बीईओ ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण के



प्रति सजग रहना चाहिए स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। जब आस पास हमारे पेड़ पौधे ही नहीं रहेंगे तो हमें शुद्ध हवा नहीं मिल पाएगी एवं कई रोगों का शिकार होना पड़ेगा। सभी अभिभावकों को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए एवं अपने पाल्यों को स्कूल प्रतिदिन भेजना चाहिए। एक पढ़ा हुआ बच्चा कई पीढ़ियों के लिए रोशनी का काम करता है। इसके अलावा उच्च प्राथमिक लालटॉवर, कंपोजिट विद्यालय कुबरी, कंपोजिट विद्यालय तारापुर में भी वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया जहां पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहुंच कर बच्चों को प्रोत्साहित किए एवं अध्यापकों के कार्यों की प्रशंसा की इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं के साथ समस्त बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# रंग छिड़कनी एकादशी में अनेक परिवारों का उठाया शोक



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर गढ़ नगर में सैकड़ों वर्षों से रंग छिड़कनी एकादशी पर एक अलग परंपरा का निर्वहन होता आ रहा है। नगर के लोग उन लोगों के पास जाकर शोक उठाते हैं, जिनके परिवार का कोई सदस्य एक वर्ष के अंदर दिवंगत हुआ हो। सोमवार को नगर के लोग पहले श्रीपंचातयी मंदिर में एकत्र हुए तथा वहां फूलों से बनाए गए रंग से भगवान के साथ होली खेली।इसके बाद सभी लोग शोकाकुल परिवारों (जिनके परिवार में एक वर्ष के अंदर कोई दिवंगत हुआ हो) के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने ऐसे परिवारों के लोगों को रंग लगाकर उनका शोक उठाया। इसी के साथ इन परिवारों में शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे। विष्णु दत्त नागर ने बताया कि यह परंपरा गढ़ नगर में ही प्रचलित है। इस मौके पर नीरज शर्मा, गौरव गर्ग, नितिन जैन, गौरव बंसल, शिवकुमार मुनीम, शिवशंकर पप्पु, भास्कर गर्ग, विजय शर्मा, सुनील गोयल, सोनू पंसारी, विक्की शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### पत्रकार की गोली मारकर हत्या का विरोध, पत्रकारों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बांदा।** सीतापुर में एक वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दबंगों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के विरोध में बांदा ने राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। संगठन के जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता और महिला जिलाध्यक्ष रूपा गोयल के नेतृत्व में पत्रकारों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने इस हत्याकांड की कड़ी निंदा की। पत्रकार संगठन ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में संध्या, सुलोचना तिवारी, प्रीती साहू, धर्मेंद्र सिंह, जीवेश प्रकाश, प्रेमचंद्र बाबू, नीरज निगम, राजकुमार, अविनाश दीक्षित और पंकज शुक्ला समेत कई पत्रकार मौजूद थे।

### चार लोगों ने दंपति पर किया हमला, पति-पत्नी अस्पताल में भर्ती

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक दंपति पर हमले का मामला सामने आया है। गांव तिरथली खेड़ा में सोमवार शाम को यह घटना हुई। पीड़ित पुष्पेंद्र अपने घर की गली से जा रहे थे। इसी दौरान चार लोगों ने उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पुष्पेंद्र ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर पुष्पेंद्र की पत्नी कविता मौके पर पहुंची। वह पति को बचाने की कोशिश कर रही थीं। इस पर आरोपियों ने कविता के साथ भी मारपीट की। हमले में दंपति घायल हो गए। घायल दंपति को जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुष्पेंद्र की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टेली सीआरएम द्वारा जाकिर हुसैन इंजीनियरिंग कॉलेज के छह छात्रों का चयन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के एम.टेक, बी.टेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( ।ए) अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए गुरुग्राम स्थित एमएस टेलीसीआरएम (फ्लेमन क्लाउडटेक प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा कैंपस भर्ती अभियान आयोजित किया गया। भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और एचआर साक्षात्कार के बाद 44 शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों में से छह छात्रों का चयन वार्षिक 10 लाख रुपये के पैकेज पर किया गया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर फरहान सईद ने बताया कि चयनित छात्रों में बी.टेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मोहम्मद रेहान हैदर काजमी, राफे अहमद, लक्ष्य कमल प्रकाश और सय्यद आरिब हुसैन शामिल हैं, जबकि बी.टेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग से सुमीर वत्स और मोहम्मद वस्साफअली का चयन हुआ है।

### बाइक स्टंट का वीडियो, हाईवे पर खतरनाक करतब दिखाने वाले युवक पर 24,500 का जुर्माना, बाइक जब्त

**बांदा।** जनपद में एक युवक द्वारा हाईवे पर किए गए खतरनाक बाइक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक बाइक पर खड़े होकर और एक पहिये पर स्टंट करते हुए नजर आ रहा है। युवक ने इस वीडियो को गाने के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। वीडियो में गाने की लाइनें थीं- रोजे से हैं तो क्या हुआ शेर जब भूखा होता है।

# होली एवं ईद के पर्व को लेकर खाकी ने संभाला पहले ही मोर्चा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में आगामी होली एवं ईद के पर्व को सकुशल संपन्न करने के लिए जनपद में कानून एवं शांति सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनता से सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना बहादुरगढ़, थाना देहात तथा गढ़ कोतवाली , सभी थाना इंचार्ज होने अपने-अपने क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया तथा ड्रोन कैमरे से चेकिंग अभियान भी चलाया, बता दें कि होली एवं ईद के पर्व को सकुशल संपन्न करने के लिए लगातार हापुड़ पुलिस प्रशासन अलर्ट नजर आया तथा वहीं लगातार सभी थाना प्रभारी थानों एवं गांव देहात में आम जनमानस के साथ बैठकों का आयोजन भी करते हुए नजर आए , जहां पर लगातार पुलिस प्रशासन कर रहा है अपील किसी भी तरह की अगर शिकायत आती है तो कार्रवाही से नहीं बचोगे, करें कानून का सहयोग है पुलिस प्रशासन आपके साथ।

# नहर में डूबने से मजदूर की मौत, नशे की हालत में गिरने से हुआ हादसा

**उरई/जालौन।** जालौन के एट कोतवाली क्षेत्र की हमीरपुर माइनर में एक मजदूर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान एट कस्बे के कोटरा तिराहा के पास वार्ड नंबर 2 निवासी काशीराम कुशवाहा (52) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि काशीराम नशे की हालत में नहर किनारे पहुंचे थे। वहां पानी पीने या शौच के दौरान उनका पैर फिसल गया। नहर में थोड़ी गहराई होने के कारण वह डूब गए। राहगीरों ने शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह और कस्बा इंचार्ज शिव शंकर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान की गई और परिजनों को सूचित किया गया। मृतक के दो पुत्र महेंद्र और शिवम हैं। उनकी पत्नी संगीता गृहिणी हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया है। थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# माँ कामाख्या धाम महोत्सव में कृषि विभाग द्वारा किसान मेला आयोजित

## विधायक रामचंद्र यादव ने किया शुभारंभ, किसानों को मिली नवीन तकनीकों की जानकारी




शकुन टाइम्स संवाददाता

**अयोध्या।** माँ कामाख्या धाम महोत्सव के छठवें दिन कृषि विभाग अयोध्या द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रूदौली विधानसभा के विधायक रामचंद्र यादव ने मेले का शुभारंभ किया और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएँ चला रही है जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। प्रदर्शनी में कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों, जैविक खेती और नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा परीक्षण जल संरक्षण और फसल उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक विधियों पर मार्गदर्शन दिया।

# बहू की हत्या कर शव फंदे पर लटकाया

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के नारखी क्षेत्र में दहेज की खातिर विवाहिता को फांसी के फंदे पर लटका कर ससुरालीजन घर में ताला लगाकर फरार हो गए। चार दिन बाद घर में से दुर्गंध आने के बाद पड़ोसियों में पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने ताला तोड़कर शबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि नारखी के गांव सखावतपुर निवासी इमरान के मकान से आज तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थाना पुलिस ने ताला तोड़कर कमरे में बंद फदे पर लटकी हुई इमरान की पत्नी परेवा (32) का शव बाहर निकाला और उसके मायका पक्ष को भी जानकारी देकर बुला लिया गया। मृतका के भाई ने पुलिस को जानकारी दी कि ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए बराबर प्रताडित करते थे। चार दिन पूर्व ससुराल वालों ने उसकी बहन के गायब होने की सूचना दी थी। वह लोग उसकी अपने स्तर पर तलाश कर रहे थे मगर आज उन्हें उसकी मौत की जानकारी मिली है। सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पढ़ें महाविद्यालय बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन हुआ

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** महिला महाविद्यालय पी .जी .कॉलेज किदवई नगर कानपुर में शासन के निर्देश संदर्भ संख्या सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय/ डी सी /ए - 583/ 2025 के अनुसार महाविद्यालय की पुस्तकालय समिति एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पढ़ें महाविद्यालय बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन हुआ द्यकार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर ममता गंगवार ने अपने शुभकामना संदेश एवं संबोधन द्वारा भारत वर्ष की समृद्ध पठन पाठन एवं ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने हेतु छात्राओं का आवाहन किया ।भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति का प्रभाव संपूर्ण विश्व पर रहा है इसलिए भारत विश्व गुरु के रूप में सर्वत्र पूज्य है इस गरिमा को बनाए रखने के लिए पठन-पाठन अत्यंत आवश्यक है इसके पश्चात कार्यक्रम संयोजिका प्रोफेसर ज्योति किरण ने कहा की पुस्तकों के बिना



ज्ञान संभव नही है और पुस्तक का कोई विकल्प नहीं है द्यलुप्त होती पठन-पाठन की संस्कृति चिंतनीय विषय है इसलिए छात्राएं पठन-पाठन की परंपरा को जीवंत बनाए रखें ।उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पुस्तकालय व हिंदी विभाग की ओर से पुस्तके उपलब्ध कराई गई जिनमें कला, संस्कृति, समाज, धर्म ,दर्शन आदि की पुस्तके प्रमुख थी ।छात्राओं के साथ-साथ महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताओं ने भी अपनी-अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकों का चयन कर सामूहिक पठन-पाठन में उत्साह पूर्वक भाग लिया इस आयोजन में 100 से अधिक छात्राओं और महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताओं ने भाग लिया ।कार्यक्रम का संचालन प्रो. ज्योति किरण एवम् धन्यवाद ज्ञापन डॉ.अंजू श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति और दहेज मुक्त समाज के लिए शपथ दिलाई गई ।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ अंजू श्रीवास्तव, डॉक्टर ममता मिश्रा ,डॉक्टर अनीता वर्मा ,प्रोफेसर रश्मि चतुर्वेदी ,डॉक्टर रेनू श्रीवास्तव ,डॉक्टर पारुल अवस्थी का विशेष योगदान रहा ।

# गढ़ पुलिस ने गढ़ गंगा पर चलाया अभियान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में जनपद में कच्ची अपमिश्रित अवैध शराब बनाने व बेचने बालों पर प्रभावी कार्यवाही तथा आगामी होली के पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के दृष्टिगत गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली इंचार्ज नीरज कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ तथा गढ़ कच्चा घाट इंचार्ज डीपी निषाद के साथ चलाए अभियान, जहां पर गंगा किनारे कच्चे घाटों के आसपास ड्रोन कैमरा से की गई कच्ची शराब की निगरानी, जहां पर खुद गढ़मुक्तेश्वर इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने संभाली कमान ड्रोन कैमरे की, बता दे की गढ़ इंस्पेक्टर नीरज कुमार होली के पर्व को लेकर लगातार अलर्ट नजर आ रहे हैं, जहां पर लगातार शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्र में इंस्पेक्टर नीरज कुमार अलर्ट है, तो वहीं इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में होली के पर्व को



सकुशल संपन्न करने के लिए लगातार क्षेत्र वासियों से अपील की जा रही है किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लगातार क्षेत्र वासियों से अपील की जा रही है होली के पर्व को लेकर अगर किसी भी तरह की दिक्कत है तो डायल 112 या नजदीकी पुलिस चौकी या थाने में तत्काल संपर्क करें।

# शहजादी के परिवार ने की मदद की अपील

**बांदा।** यूएई में फांसी दी गई बांदा निवासी शहजादी के परिवार ने मदद की अपील की है। शहजादी को 15 फरवरी को यूएई में फांसी दी गई थी और वहीं उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। शहजादी के पिता ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में बताया कि उन्हें बेटी की मौत की सूचना 2 मार्च को मिली थी। वे तुरंत दिल्ली गए, जहां उन्हें यूएई जाने की अनुमति दी गई। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वे नहीं जा सके। इसके अलावा उनकी पत्नी का पासपोर्ट भी नहीं था। अब परिवार बेटी की कब्र पर फातिया पढ़ने और उसका सामान वापस लाने के लिए यूएई जाना चाहता है। पिता ने भारत सरकार और आम जनता से मदद की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि शहजादी के पिता ने इस मामले में हाई कोर्ट में याचिका भी दायर की थी, लेकिन कोई राहत नहीं मिली।

# खाई में गिरने से बाइक सवार की मौत

**उरई/जालौन।** जालौन के माधौगढ़ इलाके में दो दिन पहले ग्राम वोहरा माइनर के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई थी। जिसमें बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया था। राहगीरों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। सिर में अधिक चोट के चलते डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। बताया गया कि माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव वोहरा निवासी रामनारायण दोहरे 45 माधौगढ़ तहसील में मुंशी का काम करते थे।

शनिवार की रात रामनारायण दोहरे बाइक से गांव जा रहे थे। वोहरा नहर माइनर के पास बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई थी। हेलमेट न पहने होने के कारण रामनारायण के सिर में गहरी चोट लग गई थी। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से रामनारायण को सीएचसी में भर्ती कराया था, सिर में गहरी चोट के चलते डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सद्भावना पुल से शास्त्री पुल तक होगा सौंदर्यीकरण : गिरीश चन्द्र यादव



शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** नगर के सद्भावना सेतु से शास्त्री सेतु तक पर्यटन की दृष्टि से घाटों के निर्माण व सुंदरीकरण के कार्य के लिए खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव जी पिछले काफी दिनों से प्रयासरत थे। इस घाट के निर्माण लिए राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) कई बार केद्रीय मंत्री व डिजी नमामि गंगे से मिल कर घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए आग्रह किया था, उसी के क्रम में आज जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों की टीम, निधि डंडोना (रीवर फ्रंट डेवलपमेन्ट एक्सपर्ट) एवं श्री पंकज रावत (सपोर्ट इंजिनियर) आज जनपद में आकर खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार के साथ सद्भावना सेतु से शास्त्री सेतु तक स्थलीय निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ( स्वतन्त्र प्रभार) ने सबंधित अधिकारियों से घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और कहा कि अतिशीघ्र ही घाटों के सौंदर्यीकरण के कार्य की स्वीकृति मिल जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद पवन कुमार, क्क्षरु के अभियंता अजय, श्याममोहन अग्रवाल, मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, सुनील यादव, बसन्त प्रजापति व पियूष सिंह मौजूद रहे।

# फतेहपुर के बड़नपुर में कर्तव्यनिष्ठ समाजसेवियों का हुआ सम्मान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने किया जिला अध्यक्ष फतेहपुर का मानो नयन फतेहपुर जनपद में आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा किए और चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि उन्हें समान अवसर दिए जाएं, तो वे अपराध, राजनीति, खेल या किसी भी बीट पर शानदार रिपोर्टिंग कर सकती हैं। सम्मेलन की मुख्य अतिथि कौटिल्य शुक्ला एवं वरिष्ठ पत्रकार उमाशंकर त्यागी ने कहा कि जब भी पत्रकारों को चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं, उन्होंने खुद को बेहतरीन साबित किया है। उन्होंने कहा, जरूरत सिर्फ मौके की है। यदि समान अवसर मिलें, तो पत्रकारिता में अधिवक्ताओं एवं समाजसेवी पूर्व सैनिक सभी देश वासियों को जागृत कर सकते हैं। फतेहपुर में आयोजित भव्य समारोह, में जागेश्वर फौजी को इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब का



राष्ट्रीय महासचिव पद से सम्मानित किया गया। बता दें कि फतेहपुर जिले के राधानगर थाना क्षेत्र में गाजीपुर रोड स्थित बड़नपुर चौराहे पर इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब के तत्वावधान में कर्तव्यनिष्ठ लोगों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन जागेश्वर फौजी और उनकी टीम द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक फौजी कंपलेक्स के संस्थापक जागेश्वर फौजी जिन्होंने समाज के प्रति योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में जागेश्वर फौजी ने समाजसेवियों और विशिष्ट व्यक्तियों को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किए। इस दौरान मंच पर मुख्य अतिथि कोटेश्वर शुक्ल , उमाशंकर त्यागी,आर सी मिश्रा,ने मंच की शोभा बढ़ाते हुए कार्यक्रम की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए जागेश्वर फौजी के कार्यो की सराहना किया, इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब की नवगठित जिला कोर कमेटी को राष्ट्रीय कोर कमेटी के प्रेसीडेंट अधिवक्ता उमाशंकर त्यागी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष राज बहादुर धुरिया द्वारा सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया और उपस्थित सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब की सदस्यता दिलाई गई और उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष हरिशंकर सिंह चौहान , शाह आलम वारसी और मोहम्मद हारून को अंग वस्त्र, एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष कैप्टन पीतांबर सिंह, इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब के पदाधिकारियों, एवं कार्यकर्ताओं ने जागेश्वर फौजी को हार, गमछा और संगठन की कैप पहनाकर सम्मानित किया। इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब की राष्ट्रीय कमेटी ने शाह आलम वारसी को फतेहपुर जिले का जिला अध्यक्ष और जागेश्वर फौजी को राष्ट्रीय महासचिव (जनरल सेक्रेटरी) नियुक्त करने की घोषणा करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम उपरांत सभी सदस्यों एवं जनसमुदाय ने संयुक्त रूप से लंच करते हुए आगामी रणनीति पर चर्चा करते हुए समिति को मजबूती प्रदान करने और मिल कर कार्य करने में सहमति जताई ।इस भव्य समारोह में इंटरनेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर त्यागी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष राजबहादुर धुरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी राष्ट्रीय सचिव ज़ एसके मिश्रा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पू यादव, श्याम कुशवाहा, आकाश वर्मा, गौरव त्रिवेदी, प्रयागराज से राजकुमार , डॉक्टर अश्विनी कुमार शुक्ला, डॉक्टर बृजेंद्र कुमार मिश्रा, चंद्रभान सिंह त्यागी, शाह आलम वारसी, एडवोकेट अभिषेक, संतोष कुमार प्रजापति, नदीम सिद्दीकी, मोहम्मद फरहान आलम और रमेश बाबू आदि सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रही।

## सम्पादकीय

### कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट शुरू टैरिफको लागू होने में समय लगेगा

तेल की कीमतें गिरकर अक्टूबर 2024 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयी हैं और सभी संकेतों से लगता है कि गिरावट अभी खत्म नहीं हुई है। ब्रेंट पहले ही 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर चुका है क्योंकि बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है। ओपेक् बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला सकते हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लग सकती है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रतिबंधों और टैरिफसे प्रत्याशित आपूर्ति घाटे को अभी तक प्रशासन के उतार-चढ़ाव को देखते हुए गंभीर नहीं माना गया है। कीमतों का एशियाई उपभोक्ताओं पर पहले से ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सऊदी अरब ने एशिया की कीमतों में और कटौती की घोषणा की है, क्योंकि वह उत्पादक कीमतों में गिरावट के बावजूद अपने बाजार शेयरों की रक्षा करना चाहता है। विश्लेषकों ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि ओपेक् द्वारा बैरल की क्रमिक वापसी और अमेरिकी टैरिफके अनिश्चित प्रभावों के कारण तेल बाजार मंदी की भावनाओं से जूझ रहा है। नीति अनिश्चितता और अधिक आपूर्ति के बीच संवेदनशील संतुलन से पता चलता है कि जब तक मांग में सुधार नहीं होता या उत्पादन में कटौती नहीं की जाती, कीमतों में सुधार के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। अमेरिकी टैरिफकी शुरुआत, विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रम्प की उतार-चढ़ाव वाली टैरिफनीतियों ने बाजार में महत्वपूर्ण अस्थिरता और निवेशक अनिश्चितता पैदा की है। अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ, जिससे यूरो में वित्तीय संकट के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक वृद्धि हुई। यूरोप में, शेयर बाजारों में गिरावट आई, जो जर्मनी में नरम फैक्टरी डेटा और टैरिफ-संबंधी चिंताओं से बढ़ी व्यापक आर्थिक चिंताओं को दर्शाती है। वैश्विक व्यापार तनावों ने चीन को भी प्रभावित किया है, बढ़ते व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच इसके आयात में काफी गिरावट आई है, जिससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर और असर पड़ा है। रूस के उप प्रधानमंत्री की टिप्पणियों के बाद कीमतों में थोड़ी तेजी देखी गयी, जिसमें सुझाव दिया गया कि ओपेक् तेल उत्पादन बढ़ाने के अपने फैसले को पलट सकता है। अप्रैल में अधिक तेल पंप करने की योजना के बावजूद, ब्रेंटक्रूड की कीमतें 71 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गयीं। अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को फिर से भरने के लिए 20 बिलियन डॉलर का तेल खरीदने के अमेरिकी इरादे ने भी कीमतों को बढ़ाया। अपने उत्पादन में वृद्धि के बाद उत्पादन में कटौती करने की कजाकिस्तान की प्रतिज्ञा ने बाजार की जटिलता को और बढ़ा दिया।

लेकिन यह बरकरार नहीं रह सका क्योंकि संभावित तेल की अधिकता और अमेरिकी आर्थिक स्वास्थ्य और व्यापार शुल्कों के प्रभाव को लेकर चिंता बनी रही। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी विकास और चीनी मांग अनिश्चित हैं। 2025 की शुरुआत में चीन के तेल आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आयेगी। इसके बावजूद, एक छोटा चीनी भंडार कीमतों में महत्वपूर्ण गिरावट को रोक सकता है। ईरान के खिलाफहाल ही में अमेरिकी नीतिगत उपायों के बावजूद, जिसमें उसके तेल निर्यात को रोकने की योजना भी शामिल है, ओपेक् और गैर-ओपेक उत्पादकों से आपूर्ति में वृद्धि के कारण बाजार में गिरावट का जोखिम है। ओपेक् ने अप्रैल से प्रतिदिन 138,000 बैरल उत्पादन वृद्धि की घोषणा की, जिससे आपूर्ति की अधिकता की चिंता बढ़ गयी।मेक्सिको और केनडा पर अमेरिकी टैरिफकी धमकियों और ओपेक् द्वारा अप्रैल में उत्पादन फिर से शुरू करने की योजना की पुष्टि के कारण कीमतों में गिरावट आई है। टैरिफ, जो शुरू में प्रभावी होने वाले थे, अब स्थगित कर दिये गये हैं, जिससे कीमतों में थोड़ी तेजी आई है, लेकिन कच्चे तेल पर दबाव बना हुआ है। केनडा के जवाबी टैरिफअभी भी लागू हैं और चीन अगले सप्ताह जवाबी टैरिफपर कार्रवाई करेगा। बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है, जबकि ओपेक् बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला रहे हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लगी हुई है। ओपेक् मांग के स्थिर रहने पर भरोसा कर रहा है, लेकिन इस समय और अधिक तेल आपूर्ति बढ़ाने से बाजार का संतुलन बिगड़ने का जोखिम है और बाजार के कंटैंगो (कोमोडिटीफ्यूचर्स का मूल्य स्पॉट मूल्य से अधिक होने की स्थिति) में पलटने का जोखिम है। टैरिफकी धमकियों ने बाजारों में हलचल मचा दी, न केवल संभावित व्यापार व्यवधानों के कारण, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में भी जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के कारण। जबकि टैरिफमें देरी ने थोड़ी राहत की सांस दी है, बाजार अभी भी नीति अनिश्चितता और अति आपूर्ति चिंताओं के बीच एक कठिन राह पर चल रहा है। ओपेक् को अब एक उच्च-दांव संतुलन कार्य का सामना करना पड़ रहा है- सदस्य राज्यों को अधिक राजस्व की आवश्यकता है, लेकिन यदि आपूर्ति मांग से अधिक हो जाती है, तो कीमतों पर और भी अधिक दबाव आ सकता है। आने वाले हफ्तों में व्यापक आर्थिक संकेतक बाजार के लिए दिशा-निर्देशक होंगे। मुद्रास्फीति के रुझान, ब्याज दर के निर्णय और वैश्विक जीडीपी वृद्धि यह निर्धारित करेगी कि मांग मजबूत होगी या कमजोर। अभी के लिए, कच्चे तेल की स्थिति नाजुक बनी हुई है, और जब तक मांग में वृद्धि नहीं होती या ओपेक् द्वारा उत्पादन पर लगाम नहीं लगायी जाती, कीमतों को ठोस आधार पाने में संघर्ष करना पड़ सकता है।


# एकता का स्वांग, बंटवारे की भाषा!

राजेंद्र शर्मा

> राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, कहने की रस्म-अदायगी के फौरन बाद, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने फंड रोके जाने के लिए तमिलनाडु को ही यह कहकर दोषी ठहराना शुरू कर दिया कि समस्या उसके ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू न करने में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो, फंड खुद ब खुद आ जाएंगे! कहने की जरूरत नहीं है कि यह केंद्र के हाथों से निकलने वाले, केंद्रीय कार्यक्रमों के फंड को, राज्यों पर नीतिगत मामलों में बड़ी नंगई से केंद्र सरकार की मनमर्जी थोपे जाने का औजार बनाए जाने का ही मामला है। यह देश की संघीय व्यवस्था के खिलाफहै, जिसकी इजाजत देश का संविधान नहीं देता है। कोई भी स्वाभिमानी राज्य, केंद्र के इस तरह मनमर्जी थोपने का विरोध करेगा।

भाषा के प्रश्न पर और खासतौर पर क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर, दक्षिण भारत एक बार फिर गर्म हो रहा है। इसका उबाल तमिलनाडु में खासतौर पर ज्यादा है, जहां पहले भी 1960-70 के दशकों में, भाषायी प्रश्न पर उग्र विरोध सामने आया था। बहरहाल, कम से कम इस बार भाषा विवाद का जोर पकड़ना इस अर्थ में अनावश्यक था कि यह विवाद केवल केंद्र सरकार के इकतरफा कदमों और इकतरफा फैसलों पर प्रतिक्रिया के रूप में भड़का है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि साठ-सत्तर के दशकों को पीछे छोड़कर देश अगर बाद के दशकों में भाषायी अशांति से बहुत दूर निकल आया था, तो इसमें भाषायी विवाद में सामने आयी संवेदनाओं के प्रति, बाद में आयी केंद्र सरकारों के संवेदनशीलता प्रदर्शित करने का भी हाथ था। लेकिन, मोदी राज में इस तरह की संवेदनशीलता की जगह, मराठी की संज्ञा का उपयोग करें तो केंद्र और सत्ताधारी ताकतों की ठोकशाही ने ले ली है। इसका नतीजा साठ-सत्तर के भाषायी विवाद के साए फिर से सिर पर मंडरा रहे होने के रूप में सामने है। जैसाकि सभी जानते हैं, विवाद के वर्तमान चक्र की शुरूआत केंद्र सरकार द्वारा इकतरफा तरीके से तमिलनाडु के शिक्षा से संबंधित फंड रोके जाने के साथ हुई थी। इस सिलसिले को चलते करीब दो साल हो जाने और राज्य का इस तरह रोका गया फंड दो हजार रुपए से ऊपर निकल जाने के बाद, अब तक शिष्टङ्कता से इस मुद्दे को उठाती रही तमिलनाडु सरकार को, विरोध का अपना स्वर ऊंचा करना पड़ा। लेकिन, मोदी सरकार को इस तरह के किसी विरोध की सुनवाई करना तो दूर रहा, विरोध की ऐसी आवाज को बर्दाश्त करना भी मंजूर नहीं होता है।

राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, कहने की रस्म-अदायगी के फौरन बाद, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने फंड रोके जाने के लिए तमिलनाडु को ही यह कहकर दोषी ठहराना शुरू कर दिया कि समस्या उसके ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू न करने में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो, फंड खुद ब खुद आ जाएंगे! कहने की जरूरत नहीं है कि यह केंद्र के हाथों से निकलने वाले, केंद्रीय कार्यक्रमों के फंड को, राज्यों पर नीतिगत मामलों में बड़ी नंगई से केंद्र सरकार की मनमर्जी थोपे जाने का औजार बनाए जाने का ही मामला है। यह देश की संघीय व्यवस्था के खिलाफहै, जिसकी इजाजत देश का संविधान नहीं देता है। कोई भी स्वाभिमानी राज्य, केंद्र के इस तरह मनमर्जी थोपने का विरोध करेगा। और शिक्षा जैसे मामलों में, जो संविधान की समवर्ती सूची में आने के बावजूद, मुख्यतरू राज्य के अधिकार का विषय बना हुआ है, केंद्र की ऐसी मनमानी तो हर्गिज स्वीकार नहीं की जा सकती है। लेकिन, मोदी राज में तो केंद्र के इस तरह की मनमर्जी चलाने को ही सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है। कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शुरू से आखिर तक, ऐसी मनमानी का ही उदाहरण है। संघ-भाजपा के विशेष एजेंडे और हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ को आगे बढ़ाने के स्पष्टङ्क उद्देश्य के साथ, इस शिक्षा नीति को सूत्रबद्ध करने की कई साल लंबी कसरत से, राज्यों को बाहर ही रखा गया था, जो अन्य चीजों के अलावा इस कसरत का इस देश की समृद्ध विविधता से विमुख बने रहना



ही सुनिश्चित करता था। दूसरी ओर, संबंधित कमेटी में शुरू से ही कारपोरेट नजरिए का बोलबाला सुनिश्चित किया गया था। इस तरह सरासर गैर-प्रतिनिधि तरीके से, संघ-कारपोरेट गठजोड़ के आग्रहों को आगे ले जाने का पूरा बंदोबस्त करने और छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों आदि, शिक्षा में सबसे ज्यादा हित-रखने वाले सभी तबकों की आवाजों को बाहर रखने के बाद, एक दक्षिणपंथी विचारधारात्मक आग्रहों से लदा मसौदा तैयार करने के बाद, रस्मअदायगी के तौर पर लोगों की राय लेने के लिए रखा जरूर गया, लेकिन जैसाकि पहले से अनुमान लगाया जा सकता था, विभिन्न हितधारकों की रायों को और तमाम आलोचनात्मक रायों को, सिरे से अनसुना कर दिया गया। इसके ऊपर से, 1968 तथा 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के विपरीत, इस शिक्षा नीति को सीधे केंद्र द्वारा इकतरफा तरीके से देश पर थोप दिया गया। इस नीति पर न सिर्फराज्यों की कोई राय नहीं ली गयी, राज्यों को साथ लेकर चलना तो उसकी दृष्टि में भी नहीं था। उल्टे केंद्र ने पूरे देश की ओर से नीति बनाने का अधिकार खुद ब खुद अपने को दे दिया था। इसके ऊपर से, संसद को भी इस प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं दी गयी और इस तरह वृहत्तर राजनीतिक राय को इस समूची प्रक्रिया से दूर ही रखा गया। केंद्र सरकार ने ही कमेटी का गठन किया और उसी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनी मंजूरी से, देश पर थोप भी दिया। हैरानी की बात नहीं है कि गैर-भाजपायी राज्यों में इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनेक पहलुओं को विभिन्न स्तरों पर उपेक्षा, असहयोग से लेकर प्रतिरोध तक का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु में यह विरोध सबसे बढ़कर, त्रिभाषा फार्मूले के लागू किए जाने के नाम पर, हिंदी के थोपे जाने के विरोध के रूप में सामने आया है। बेशक, इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा पर, खासतौर पर प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जोर दिए जाने की बात कही गयी है। लेकिन, इसके साथ ही इसमें छोटे बच्चों के बीच बहुभाषिकता को पोसने पर भी काफी जोर दिया गया है, जिसकी शिक्षा-विज्ञानी वैज्ञानिकता पर सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, इसमें भी विशेष रूप से समस्यापूर्ण है, त्रिभाषा फार्मूले के नाम पर तमिलनाडु में तमिल और अंग्रेजी के अलावा, हिंदी थोपने का आग्रह। वैसे तो मोदी सरकार जब से सत्ता में आयी है, केंद्र द्वारा हिंदी थोपे जाने की शिकायतें उठती ही रही हैं। बहरहाल, त्रिभाषा फार्मूले के लागू किए जाने के केंद्र के फरमान और इस फरमान को थोपने के लिए शिक्षा के लिए राज्य के फंड तक रोकने की उसकी दादागीरी ने, चीजों का विस्फोटक बिंदु तक पहुंचा दिया है। बेशक, त्रिभाषा फार्मूला जिसका तमिलनाडु प्रतिरोध कर रहा है, 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ही खोज नहीं है। तीन भाषाओं पर आधारित फार्मूला पहले से शिक्षा नीति का हिस्सा रहा था। लेकिन, एक तो उसे इस तरह अनिच्छुक राज्यों पर थोपने की कोशिश पहले नहीं की गयी थी। इसके ऊपर से, 2020 की शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले में भी तरह-तरह के बदलाव कर दिए गए हैं, जो इस फार्मूले के जरिए वास्तव में किसी बड़े पैमाने पर तथा सही मायने में बहुभाषिकता सुनिश्चित करने के बजाय, इसे किसी न किसी प्रकार से गैर-हिंदीभाषी राज्यों पर हिंदी लादे का जाने ही फार्मूला बना देता है।

# सतरंगी जीत

होली से पहले ही हमारी क्रिकेट टीम ने चौंपियंस ट्रॉफी जीतकर उल्लास-उमंग का ऐसा रंग दिया कि हर भारतीय निखर उठा। होली से पहले देश में दिवाली का भी जश्न मना। देश के कोने-कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन-मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चौंपियन ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी-जान लगायी और पैसा खर्च किया। लेकिन बावजूद इसके आईसीसी में भारतीय वर्चस्व के चलते हमारी टीम ने कोई भी मैच पाकिस्तान में नहीं खेला। भारत ने सारे मैच तीसरे देश दुबई में खेले। फिर चौंपियंस ट्रॉफी भी जीत ली। पाकिस्तान के हुकमरान व क्रिकेट के कर्ता-धर्ता मन मसोस कर रह गये। बहरहाल, भारतीय टीम का दस महीनों में यह दूसरा विश्व खिताब है। भारत ने जून, 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। कप्तान रोहित शर्मा को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उनकी कप्तानी में देश ने दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट जीता। सही मायनों में फाइनल में उन्होंने कप्तान की पारी खेली और शानदार-धुआंधार 76 रन बनाये। निश्चित रूप से फाइनल मैच में स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कसे शिकंजे का ही नतीजा था कि न्यूजीलैंड को 251 पर बांध दिया गया। फिर रोहित की पारी के अलावा श्रेयस अय्यर व केएल राहुल की शानदार पारियों ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी ने टीम में जीत का जज्बा पैदा किया। दोनों धुरंधरों ने पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। बहरहाल, बारह साल बाद चौंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। सुखद यह भी है कि हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय टीम तीन बार चौंपियंस ट्रॉफी जीतकर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गयी। यह भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये निश्चय ही गर्व की बात है। इस टूर्नामेंट की एक खास उपलब्धि रही मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की खोज। वे शुरुआत में प्रस्तावित टीम का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और विरोधियों को उन्हें समझने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की उपलब्धि यह भी है कि उसने आईसीसी इवेंट्स में पिछले 14 मैच लगातार जीते हैं। गर्व का पल यह भी है कि भारत के पास एक ही समय में टी-20 विश्व कप और चौंपियंस ट्रॉफी का खिताब है। दुनिया की ऐसी अनुभवी टीम जिसमें रोहित शर्मा व विराट कोहली के पास नौ आईसीसी फाइनल खेलने का रिकॉर्ड है। बहरहाल, इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इस बात को लेकर निराशा जरूर हुई होगी कि पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे विराट कोहली फाइनल मुकाबले में सिर्फदो गेंदों का ही सामना कर पाए। लेकिन श्रेयस अय्यर व केएल राहुल ने इस कमी को पूरा किया। बहरहाल, टॉस के मामले में अनलकी रहने वाले रोहित शर्मा ने होली से पहले क्रिकेट की जीत के रंग में भारतीयों को सराबोर कर दिया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने अपनी जमीन पर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप में मिली पराजय के बाद जीत का जबरदस्त जज्बा पैदा किया। तब लगातार दस मैच जीतने के बावजूद टीम फाइनल में हार गई थी। लेकिन टीम ने वैसी गलती फिर नहीं दोहरायी। पहले 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप जीता और अब चौंपियंस ट्रॉफी। यह जीत की लय बनी रहे।

# चौंपियंस ट्राफी, मैदान के बाहर की कुछ बातें

> इस तरह 2002 में सौरव गांगुली और 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चौंपियन बनने के बाद भारत ने अब रोहित शर्मा की कप्तानी में कमाल किया है। भारतीय टीम की इस शानदार जीत पर पूरे देश में जश्न का माहौल रहा, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान ऐसे कई वाकये हुए, जो कड़वी यादें छोड़ गए। देश में एक बड़े तबके के लिए क्रिकेट धर्म की तरह बन चुका है और अब इस धर्म पर भी राजनीति होने लगी है। रविवार को ही जब दुबई के मैदान से लेकर देश में तमाम जगहों पर लोग खुशियां मना रहे थे, तब मध्यप्रदेश के महू में यह खुशी हिंसा में बदल गई। बताया जा रहा है कि कुछ युवाओं ने भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए महू में एक रैली रात को निकाली थी। यह रैली जब जामा मस्जिद क्षेत्र के पास पहुंची तो उत्तेजक नारों और तेज संगीत के बीच वहां पथराव शुरू हो गया।

12 साल के लंबे इंतजार के बाद 9 मार्च को भारतीय क्रिकेट टीम ने चौंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया तीन चौंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम ने यह जीत दर्ज की, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा ने यादगार पारी खेली। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने 10 महीने के अंदर दूसरे आईसीसी खिताब पर कब्जा जमाया है। इससे पहले जून 2024 में भारत ने बारबाडोस में टी-20 विश्वकप भी जीता था। इस टूर्नामेंट में खास बात यह रही कि भारतीय टीम को कोई शिकस्त नहीं दे पाया, उसने अपना हर मैच जीता।

इस तरह 2002 में सौरव गांगुली और 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चौंपियन बनने के बाद भारत ने अब रोहित शर्मा की कप्तानी में कमाल किया है। भारतीय टीम की इस शानदार जीत पर पूरे देश में जश्न का माहौल रहा, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान ऐसे कई वाकये हुए, जो कड़वी यादें छोड़ गए। देश में एक बड़े तबके के लिए क्रिकेट धर्म की तरह बन चुका है और अब इस धर्म पर भी राजनीति होने लगी है। रविवार को ही जब दुबई के मैदान से लेकर देश में तमाम जगहों पर लोग खुशियां मना रहे थे, तब मध्यप्रदेश के महू में यह खुशी हिंसा में बदल गई। बताया जा रहा है कि कुछ युवाओं ने भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए महू में एक रैली रात को निकाली थी। यह रैली जब जामा मस्जिद क्षेत्र के पास पहुंची तो उत्तेजक नारों और तेज संगीत के बीच वहां पथराव शुरू हो गया। उस समय जामा मस्जिद के अंदर लोग तरावीह की नमाज अदा




कर रहे थे। पथराव से स्थिति बेकाबू हो गई। इस बीच जामा मस्जिद के सामने खड़ी बाइकों, कारों और अन्य वाहनों में आग लगाई गई, जिससे तनाव और बढ़ गया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू कर लिए, और अब जांच की जा रही है कि आखिर हिंसा भड़कने की नौबत क्यों आई। हालांकि अनुमान लगाया जा सकता है कि जब मस्जिद में नमाज हो रही हो, तब बाहर किस किस्म के नारे लगे होंगे या गाने बजे होंगे, जिससे स्थिति बिगड़ गई। यह पहली बार नहीं है जब मस्जिद के सामने इस तरह का अप्रिय शोर किया गया है। दुबई में जो जीत मिली, उसमें सारे खिलाड़ियों ने धर्म, जाति या ओहदे से परे एक टीम की तरह प्रदर्शन किया है। और यह केवल क्रिकेट में नहीं होता है, सारे खेलों में इसी तरह टीम और खेल भावना के साथ ही जीत सुनिश्चित होती है। मगर देश में अब क्रिकेट में धर्म और राष्ट्रवाद का अनावश्यक घालमेल कर माहौल बिगाड़ा जा रहा है। इसी टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने सेमीफाइनल मैच के दौरान पानी या जूस पीया तो उस पर भी बेवजह विवाद खड़ा हो गया। रमजान के पवित्र माह में एक मुसलमान के पानी पीने पर धर्म की दुहाइयां दी जाने लगीं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि रमजान के दौरान ऐसी हरकत अपराध है। हालांकि बहुत से लोग शमी के समर्थन में आए, इनमें से एक जाने-माने गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने कहा, शशमी साहब आप उन कट्टर मूर्खों की परवाह मत कीजिए, जिन्हें क्रिकेट मैच के दौरान मैदान पर आपके पानी पीने से परेशानी है।श् वहीं अब इस मामले पर पाकिस्तान से भी प्रतिक्रिया आई है। पूर्व पाक कप्तान इंजमाम उल हक ने कहा कि खेलते हुए रोजा रखना मुश्किल है। हम लोगों का भी अपना अनुभव है। रोजे के दौरान मैच होता था तो वाटर ब्रेक के दौरान पाकिस्तान की टीम स्क्रीन के पीछे चली जाती थी। वहीं पानी पी लेते थे। इसी तरह पूर्व पाक क्रिकेटर सकलैन मुश्ताकघ् ने कहा, श्मुझे समझ में नहीं आता है कि इन चीजों पर क्यों ध्यान देते हैं। हमें इस पर ध्यान देना चाहिए कि अच्छे इंसान बनें और सकारात्मक चीजों को लेकर आगे बढ़ें। हम आजकल सोशल मीडिया पर ऐसी बातों पर बहस कर रहे हैं, जिनसे रत्ती भर भी फायदा नहीं है। न केवल पाकिस्तान में बल्कि इंडिया के साइड में भी ऐसी चीजें बढ़ रही हैं। वैसे मोहम्मद शमी को लेकर अनावश्यक विवाद पहले भी खड़े करने की कोशिश की गई है, उसका कारण यही है कि वे एक मुसलमान हैं। पहले भी भारतीय टीम में मुस्लिम खिलाड़ी होते थे, लेकिन तब बातों का बतंगड़ बनाने के लिए सोशल मीडिया नहीं था, न ही दिमाग में इस कदर नफरत भरी थी। हालांकि अब भी खिलाड़ी नफरत पर मोहब्बत की इबारत लिख रहे हैं। दुबई से एक बड़ा प्यारा वीडियो सामने आया है, जिसमें विराट कोहली को बधाई देने जब मो.शमी की मां आईं तो विराट कोहली ने उनके पैर छुए, फिर साथ में तस्वीरें खिंचाई। यह बड़ी सामान्य सी बात है, लेकिन आज के दौर में ऐसे वाकए काफी खास हो चुके हैं। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए कप्तान रोहित शर्मा को मैन ऑफद मैच का खिताब भी मिला। उन्होंने अपने खेल और कप्तानी दोनों से काम बोलेगा, हम नहीं, वाली बात को साबित कर दिखाया है। रोहित शर्मा को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, क्योंकि कांग्रेस नेता और प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने उनके मोटापे पर टिप्पणी की थी।



## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पोली

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हम सभी इजी, हेले और बेला के लिए दुखी हैं। यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने कहा ब्री और पॉली ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत बहुत सकारात्मक तरीके से की। मुझे दोनों पर पूरा विश्वास है।

### पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित

# माइकल ब्रेसवेल को बनाया कप्तान

एजेंसी



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिच सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ रूर्के पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे। टीम का कप्तान बनाये जाने पर ब्रेसवेल ने कहा, अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा। पाकिस्तान के साथ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है- माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी। पहला टी-20 मैच 16 मार्च रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में, दूसरा मैच 18 मार्च मंगलवार को डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल में, तीसरा मैच 21 मार्च शुक्रवार को ऑकलैंड ईडन पार्क, चौथा मैच 23 मार्च रविवार को टॉरंगा बे ओवल में तथा पांचवां टी-20 मुकाबला 25 मार्च बुधवार को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जायेगा।

**पाकिस्तान के साथ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स (चौथे और पांचवें मैच के लिए), मिच हे, मैट हेनरी (चौथे और पांचवें मैच के लिए) काइल जैमीसन (पहले तीन मैच के लिए), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओरूक (पहले तीन मैच के लिए), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।**

### रोहित शर्मा ने तोड़ा ब्रायन लारा का 21 साल पुराना रिकॉर्ड

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अब रोहित शर्मा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल जीतने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम पर दर्ज था जिन्होंने साल 2004 में 35 साल 146 दिन की उम्र में वेस्टइंडीज को चैंपियन बनाया। था। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रिकी पोंटिंग हैं जिनकी कप्तानी में साल 2009 में कंगारू टीम चैंपियन बनी थी और उस वक्त उनकी उम्र 34 साल 290 दिन थी। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में ना सिर्फ यादगार पारी खेली बल्कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन कप्तानी करते हुए भारत को चैंपियन बनाया। रोहित शर्मा पर भारत को विजेता बनाने का बड़ा दबाव था क्योंकि टीम इंडिया ने इस खिलाड़ी को साल 2013 के बाद से नहीं जीता था। वहीं रोहित ने जिस तरह से भारत को पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनाया था उसके बाद उनसे उम्मीदें और ज्यादा बढ़ गई थी। रोहित शर्मा ने तमाम दबावों को झेलते हुए 140 करोड़ भारतीय का सपना पूरा किया और भारत ने फाइनली तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर कब्जा किया। रोहित शर्मा अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए हैं और उन्होंने ब्रायन लारा को पीछे छोड़ दिया जो अब तक ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान थे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता और रोहित ने ये कमाल 37 साल 313 दिन की उम्र में किया। अब रोहित शर्मा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल जीतने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम पर दर्ज था जिन्होंने साल 2004 में 35 साल 146 दिन की उम्र में वेस्टइंडीज को चैंपियन बनाया। था। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रिकी पोंटिंग हैं जिनकी कप्तानी में साल 2009 में कंगारू टीम चैंपियन बनी थी और उस वक्त उनकी उम्र 34 साल 290 दिन थी।



## टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर एमसीजी में मैच खेलेंगे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड

एजेंसी



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ पर 11 से 15 मार्च 2027 तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेलेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि यह ऐतिहासिक मैच एमसीजी में पुरुष टीमों के बीच होने वाला पहला दिन रात्रि मैच होगा। इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में शताब्दी टेस्ट मैच भी एमसीजी पर आयोजित किया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में 45 रन के समान अंतर से जीत हासिल की थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक बड़े मैच का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन दूधिया रोशनी में होगा जो खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास दोनों का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा। उन्होंने कहा, इससे अधिक से अधिक दर्शकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी और इस मैच का आनंद लेना शानदार अनुभव होगा। ऑस्ट्रेलिया नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 2025-26 एशेज श्रृंखला की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक 13 दिन-रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें से 12 मैच में उसने जीत हासिल की है। इनमें से आठ मैच का आयोजन एडिलेड में किया गया।

# रविंद्र जडेजा ने रिटायरमेंट को लेकर तोड़ी चुप्पी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद जानें क्या बोले

एजेंसी




**नई दिल्ली।** जडेजा ने लिखा कि, कोई भी अनावश्यक अफवाह ना फैलाएं, शुक्रिया। बता दें कि जडेजा 80 टेस्ट, 204 वनडे और 74 टी20 इंटरनेशनल खेल चुके हैं। उन्होंने पिछले साल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया ता।

जडेजा ने इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड फाइनल में किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 10 ओवर के स्पेल में महज 30 रन देकर एक विकेट चटकाया। उन्होंने टॉम लैथम को एलबीडब्ल्यू किया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर कब्जा जमा लिया है। वहीं भारत की इस जीत के बाद रोहित, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के रिटायरमेंट को लेकर अटकलें लगना शुरू हो गईं। रोहित और विराट ने रविवार रात को अटकलों पर विराम लगा दिया। वहीं 36 वर्षीय जडेजा के फ्यूचर प्लान पर अफवाहों का सिलसिला जारी रहा। हालांकि, भारत के स्टार ऑलराउंडर जडेजा अब रिटायरमेंट की अटकलों को लेकर चुप्पी तोड़ी है। जडेजा ने कहा कि उनका फिलहाल संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टा स्टोरी शेयर करते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की गुजारिश की। जडेजा ने लिखा कि, कोई भी अनावश्यक अफवाह ना फैलाएं, शुक्रिया। बता दें कि जडेजा 80 टेस्ट, 204 वनडे और 74 टी20 इंटरनेशनल खेल चुके हैं। उन्होंने पिछले साल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया ता। जडेजा ने इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड फाइनल में किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 10 ओवर के स्पेल में महज 30 रन देकर एक विकेट चटकाया। उन्होंने टॉम लैथम को एलबीडब्ल्यू किया। टीम इंडिया के कप्तान रोहित ने अपने करियर को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों को रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद खारिज करते हुए कहा कि वह कि वह अभी वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने नहीं जा रहे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के समय से ही रोहित की कप्तानी और टीम में उनकी जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं लेकिन कीवी टीम के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी उनके करियर के लिए संजीवनी साबित हुई।

# अमेरिका में मच रहा हाहाकार, भारतीय बाजार खुलते ही हुआ धड़ाम

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टॉक मार्केट पर भी नकारात्मक असर दिखाई दिया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाले संसेक्स खुलने के साथ 400 अंक नीचे गिर गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी गिरावट से गुजर रहा है। निफ्टी में 130 अंकों की गिरावट आई है। इस गिरावट का सबसे अधिक असर प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक के शेयरों पर हुआ है।

अमेरिका के शेयर बाजार में जोरदार गिरावट का असर भारतीय बाजार में भी देखने को मिल रहा है। भारतीय स्टॉक मार्केट पर भी नकारात्मक असर दिखाई दिया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स खुलने के साथ 400 अंक नीचे गिर गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी गिरावट से गुजर रहा है। निफ्टी में 130 अंकों की गिरावट आई है। बाजार में आई इस गिरावट का सबसे अधिक असर प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक के शेयरों पर हुआ है। सबसे बड़ी गिरावट बैंक के शेयरों में देखने को मिली है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक बैंक के शेयर 20 फीसदी गिर गए है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 379.79 अंक गिरकर 73,735.38 पर, निफ्टी 108.40 अंक गिरकर 22,351.90 पर आया। बता दें कि मंगलवार, 11 मार्च को कारोबारी सत्र शुरू होते ही शेयर बाजार लाल निशान में आ गया, जिसमें आईटी, मिड और स्मॉल कैप आईटी और टेलीकॉम के साथ-साथ मिड और स्मॉल कैप वित्तीय सेवा शेयरों में सबसे अधिक गिरावट आई। सुबह 9.25 बजे बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 451 अंक या 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,693 पर पहुंच गया। व्यापक एनएसई निफ्टी 132.95 अंक या 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,327.35 पर खुला। यह घटना एशियाई बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच हुई है, क्योंकि रातों-रात वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह अनुमान लगाने से इनकार कर दिया है कि उनकी टैरिफ नीतियों के कारण अमेरिका को मंदी का सामना करना पड़ेगा या नहीं। इससे निवेशकों में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से इंडसइंड बैंक में सबसे ज़्यादा 10 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 810.55 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इसके बाद ज़ोमैटो का स्थान रहा, जो 2.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 206.95 रुपये पर कारोबार कर रहा था और टाटा स्टील का स्थान रहा, जो 1.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 148.00 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इसके विपरीत, सोमवार को खुलने के दौरान ज़ोमैटो में 0.97 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दूसरा सबसे बड़ा उछाल आया था और यह 218.90 रुपये पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के सिर्फ़ 3 शेयर ही हरे निशान पर थे। वे सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज (0.41 प्रतिशत ऊपर), आईसीआईसीआई बैंक (0.03 प्रतिशत ऊपर) और कोटक महिंद्रा बैंक (0 प्रतिशत ऊपर) थे।

# महिला उद्यमियों को निर्यात कारोबार में प्रोत्साहित करने के लिए फियो की 'शीट्रेड्स इंडिया हब' सुविधा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में निर्यात संघों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से यहां मंगलवार को 'शीट्रेड्स इंडिया हब' पहल शुरू किया। फियो ने यह पहल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईटीसी) के सहयोग और ब्रिटेन सरकार के शीट्रेड्स कॉमनवेल्थ प्लस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता से शुरू की है। फियो इस तरह वैश्विक स्तर पर 20वें शीट्रेड्स हब का आधार बना है। इस पहल का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि आईटीसी शेट्रेड्स इंडिया हब के सहयोग से ट्रेड कनेक्ट प्लेटफॉर्म महिलाओं के नेतृत्व वाली निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने में और मदद करेगा। 'शीट्रेड्स इंडिया हब' देश भर में महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों के लिए एक व्यापक संसाधन केंद्र के रूप में काम करेगा, जो क्षमता निर्माण कार्यशालाएँ, परामर्श बैठकें, व्यवसायियों के साथ संपर्क कार्यक्रम और अनुकूल नीतियों की सिफारिशें करेगा। इन सेवाओं का उद्देश्य महिला उद्यमियों को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों, वित्त और व्यवसाय विकास के अवसरों तक पहुँचने में सहायता करना है, जिससे संसाधनों और बाज़ारों तक सीमित पहुँच जैसी चुनौतियों का समाधान हो सके। आईटीसी की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने उद्घाटन समारोह में कहा कि उनके संगठन ने इस पहल के साथ दुनिया भर में हजारों महिला उद्यमियों का समर्थन किया है।

फियो के अध्यक्ष (कार्यवाहक) अश्विनी कुमार ने कहा कि यह पहल न केवल महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम आगे है, बल्कि वैश्विक बाजारों में उनकी अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम भी है। फियो के कार्यवाहक उपाध्यक्ष इसरार अहमद ने भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण वृद्धि और इस क्षेत्र में महिला उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

# तीन वर्षों से औसत महंगाई 5.6 प्रतिशतः पंकज चौधरी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में पिछले तीन वर्षों औसत महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रही है जबकि बेचमार्क छह प्रतिशत है। श्री चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2024 में महंगाई दर 4.9 प्रतिशत रही है। 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में मौसम और आपूर्ति से जुड़ी बाधाओं के कारण महंगाई में वृद्धि होती है, लेकिन इसको नियंत्रित करने के उपाय किये जाते हैं। बेरोजगारी से जुड़े पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि एनएसओ के सर्वे के अनुसार बेरोजदारी दर 3.2 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक देश एक कर की व्यवस्था है। जुलाई 2017 से इसके प्रभावी होने के बाद औसत कर की दर 12 प्रतिशत पर आ गयी है जो पहले औसत 15 प्रतिशत थी। जीएसटी परिषद संघवाद का अद्भुत उदाहरण है।

## पेट्रोल-डीजल की नई कीमत जानकर चौंक जाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत रोजाना बदलती रहती है। भारत में फ्यूल की ये कीमत डायनामिक प्राइसिंग के कारण बदलती है। भारत में डायनामिक प्राइसिंग को वर्ष 2017 में लागू किया गया था। इस डायनामिक प्राइसिंग के कारण रोजाना पेट्रोल और डीजल की कीमत बदलती रहती है। इसकी कीमत रोजाना रिवाइज होती है। भारत में रोज सुबह पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव होता है। इसकी कीमत अपडेट होती है। सरकारी तेल कंपनियां भी पेट्रोल और डीजल की कीमत जारी कर चुकी है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की मानें तो दिल्ली के अलावा अन्य मेट्रो शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव देखने को मिला है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की कीमत 87.67 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। मुंबई में एक लीटर पेट्रोल खरीदने के लिए 103.50 रुपये और डीजल 90.03 रुपये खरीदने होंगे। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 105.01 रुपये और डीजल 91.82 रुपये पर पहुंच गई है।


# बाजार में होली की धूम, रंगों से लेकर पिचकारी खरीदने उमड़ रहे लोग

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रंगों के त्यौहार में अब केवल तीन दिन बचे हैं, ऐसे में पूरे देश से लोग रंग और पिचकारियाँ खरीदने के लिए बाजारों में उमड़ पड़े हैं। बाजार गुलाल और अबीर के साथ-साथ पिचकारियों की खरीदारी करने वालों से गुलजार हैं, जो रंग-बिरंगे पानी को छिड़कने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक पानी की बंदूकें हैं। घरों को आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है, और देशभर में रसोई में गुजिया जैसी मिठाइयां तैयार की जा रही हैं। लोग अपने त्यौहार की जरूरी चीजें जमा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अयोध्या से भी ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं, जहां बाजारों में होली की तैयारियां चल रही हैं और लोग त्योहार से संबंधित खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ रहे हैं। सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में रंगभरी एकादशी उत्सव के दौरान भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। यह जीवंत कार्यक्रम होली उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है और होली के मुख्य उत्सव से पांच दिन पहले मनाया जाता है। इस खुशी के अवसर पर भाग लेने वाले लोगों के साथ माहौल रंग, भक्ति और उत्साह से भर जाता है। इस बीच, रविवार को नंदगांव में पारंपरिक लट्ठमार होली उत्सव शुरू हो गया, जो मथुरा में सप्ताह भर चलने वाले होली समारोह की शुरुआत है। बड़े उत्साह के साथ मनाया जाने वाला यह अनोखा और जीवंत उत्सव भगवान कृष्ण और राधा की किंवदंतियों में गहराई से निहित है। लोककथाओं के अनुसार, लट्ठमार होली कृष्ण के गांव नंदगांव और राधा के गांव बरसाना के बीच होने वाले चंचल आदान-प्रदान का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि कृष्ण अपने दोस्तों के साथ बरसाना में राधा और उनकी सखियों को चिढ़ाने आए थे, जिसका जवाब उन्होंने लाठी लेकर उन्हें भगाकर दिया था। यह परंपरा आज भी जारी है क्योंकि बरसाना की महिलाएं रक्षा के लिए ढाल लिए पुरुषों के साथ नकली युद्ध करने के लिए नंदगांव आती हैं। देश-विदेश से भक्त और पर्यटक इस रंगारंग तमाशे को देखने के लिए नंदगांव के प्रसिद्ध मंदिर परिसर में एकत्रित होते हैं। होली के भजनों और राधे राधे के नारों से वातावरण गूंज उठा और प्रतिभागियों ने एक दूसरे को गुलाल (रंगीन पाउडर) से सराबोर कर दिया। इस कार्यक्रम में फूलों, संगीत और पारंपरिक मिठाइयों की विस्तृत व्यवस्था की गई।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



# तीन वर्षों में सभी जिलों में होगा कैंसर डे केयर सेंटरः नड्डा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा है।

श्री नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की घोषणा की गयी है और इसके लिए बटजीय प्रावधान भी किये गये हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात है तो राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत कई तरह की सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। अस्पतालों को अपनी जरूरतों के




अनुसार योजना बनाने की सुविधा दी गयी है और उसके अनुरूप टेक्नीकल और वित्तीय मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से कैंसर जैसी घातक बीमारियों के उपचार में मदद मिली है। अभी कैंसर का पता चलने पर 30 दिनों के भीतर ही उपचार शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में झज्जर के एम्स में 700 बिस्तरों का कैंसर केयर सेंटर बनाया गया है।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के गोरखपुर में एक्स खोला गया है और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि यूनिवर्सिटी के भीतर इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। हांलाकि यूनिवर्सिटी के साथ एक करार किया गया है और वहां स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स की तरह बनाया जा रहा है। श्री नड्डा ने एक अन्य पूरक प्रश्न पर कहा कि आशा कार्यकर्ता बेहतर काम कर रहे हैं। उनके प्रयास से जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी आयी है। केरल सरकार का जहां तक सवाल है तो उपयोग प्रमाणपत्र नहीं मिलने के कारण आशा कार्यकताओं से जुड़ा मानदेय जारी नहीं हो पाया है, लेकिन केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी का अंश जारी किया जा रहा है।

एक अन्य पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित किसी भी राज्य का आयुष्मान योजना के तहत बकाया नहीं है। सभी राज्यों को योजना के तहत धनराशि दी जा रही है। डॉक्टर की भर्ती निर्धारित समयावधि में करने के बारे में पूछे जाने पर श्री नड्डा ने कहा कि पैसे की कोई कमी नहीं है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में डॉक्टर रखने के लिए लचीला रूख अपनाया गया है। राज्यों की क्षमता निर्माण में मदद किया जा रहा है।

## अमेरिकी सीनेट ने लोरी शावेज-डेरेमर को श्रम मंत्री के रूप में मंजूरी दी



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने सोमवार को ओरेगन से पूर्व रिपब्लिकन प्रतिनिधि लोरी शावेज-डेरेमर को श्रम मंत्री के रूप में मंजूरी दी। उच्च सदन ने सुश्री लोरी शावेज डेरेमर के नामांकन को 67-32 मतों से मंजूरी दी जिसमें 17 डेमोक्रेट इसके पक्ष में थे जो द्विदलीय समर्थन को दर्शाता है। तीन रिपब्लिकन सीनेटरों ने इसका विरोध किया। सुश्री शावेज-डेरेमर ने 2022 के मध्यावधि चुनाव में ओरेगन के 5वें कांग्रेसनल जिले के लिए चुनाव लड़ा। यह मध्य और दक्षिणी ओरेगन के कुछ हिस्सों को कवर करता है। सुश्री शावेज-डेरेमर उन तीन रिपब्लिकन में से एक थी जिन्होंने संगठित होने के अधिकार की रक्षा अधिनियम (पीआरओ अधिनियम) का समर्थन किया। यह पिछले कांग्रेस में पेश किया गया एक कानून है जिसका उद्देश्य श्रमिकों के लिए यूनियन बनाना आसान बनाना है। श्रम विभाग एक सरकारी एजेंसी है जो संघीय श्रम कानूनों और नीतियों की देखरेख और उन्हें लागू करने के लिए जिम्मेदार है जो कार्यबल को प्रभावित करते हैं जैसे कि न्यूनतम वेतन, और स्वास्थ्य और सुरक्षा मानक।

## संक्षिप्त सामाचार

### कोलंबिया में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**बोगोटा।** दक्षिणी कोलंबिया के नारिनो में भूस्खलन के कारण चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 परिवार बेघर हो गए है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। नारिनो के गवर्नर लुइस अल्फोंसो एस्कोबार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, बारिश के कारण कई शहरों में आपात स्थिति पैदा हो गई है लेकिन सबसे विनाशकारी स्थिति पास्टो शहर के एल एनकानो (समुदाय) में हुई जहां भूस्खलन ने चार लोगों की जान ले ली और गंभीर क्षति हुई। भूस्खलन से 400 से अधिक परिवार प्रभावित हुए एवं कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं और तीन जलसेतु ढह गए। गवर्नर ने कहा कि अधिकारी सड़कों से मलबा हटाने और टैंकर ट्रकों से पीने का पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। ला क्रूज़ शहर में भी बाढ़ से 100 परिवार प्रभावित हुए हैं और तीन पैदल यात्री पुल बह गए हैं। उन्होंने कहा 24 शहरों ने सड़कों को साफ करने और भूस्खलन से निपटने के लिए मशीनरी का अनुरोध किया है।

### अमरोहा में युवती की गोली मार कर हत्या

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में मंगलवार को उत्तराखंड की एक युवती का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गज़रौला में थाना पुलिस को आज़ सुबह गेस्ट हाऊस में किसी युवती की गोली मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी।

पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। युवती की शिनाख्त हरिद्वार जिले की कनखल निवासी रोज़ी खुराना (20) के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर थाना बछरायूं (अमरोहा) क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी अंकुश चौधरी (25) को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में उससे पूछताछ जारी है। पुलिस को पूछताछ में युवक ने बताया कि रोज़ी खुराना के साथ वह पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था। बीती रात उसे फोन करके गजरौला गैस्ट हाऊस में बुलाया था। रात में किसी समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे युवक ने गोली मारकर युवती की हत्या कर दी। घटना की सूचना हत्यारोपी ने खुद पुलिस को फोन के माध्यम से दी थी।

### सूर्यघर बिजली योजना से हर परिवार को होगा 15 लाख रुपये का लाभः जोशी

**नयी दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में सोलर पावर को बढ़ावा देने और शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से शुरू की गयी प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना से 25 वर्षों में हर परिवार को 15 लाख रुपये का लाभ होगा। श्री जोशी ने प्रश्नकाल में एक पूरक प्रश्न के उत्तर तक यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूफटॉप सोलर के लिए 30 हजार रुपये प्रति किलोवॉट का अनुदान दिया जाता है और तीन किलोवाट के लिए अधिकतम 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त 85 हजार रुपये तक बैंक से ऋण दिया जाता है। इसका किशत 610 रुपये मासिक आता है, लेकिन इससे 1265 रुपये की मासिक और 15185 रुपये वार्षिक आय होती है। प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत 25 वर्षों के लिए 300 यूनिट मासिक निशुल्क बिजली दी जा रही है।

## भूमि घोटाले में सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी

**बेंगलुरु।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के करीबी सहयोगी सैम पित्रोदा और अन्य के खिलाफ कर्नाटक भूमि अधिग्रहण निषेध अधिनियम 2011 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस के पूर्व नेता और भ्रष्टाचार निरोधक फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने सोमवार को भूमि अधिग्रहण निषेध विशेष अदालत के समक्ष दायर किया। यह मामला बेंगलुरु में 12.35 एकड़ आरक्षित वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे से संबंधित है। श्री रमेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि येलहंका के जराकाबांदे कवल में स्थित इस भूमि का सरकारी मूल्यांकन 150 करोड़ रुपये से अधिक है और इसका बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने यह भी दावा किया कि आरोपियों ने पट्टे की अवधि समाप्त होने के बाद भी 2011 से भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करना जारी रखा है। श्री रमेश ने आरोप लगाया कि आरोपी दुर्लभ औषधीय पौधों की खेती और बिक्री से सालना पांच से छह करोड़ रुपये कमा रहे हैं। उन्होंने कहा, कर्नाटक भूमि हड़पने निषेध अधिनियम, 2011 के तहत सैम पित्रोदा और अन्य के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जावेद अख्तर, कर्नाटक के वन और पर्यावरण विभाग के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन विभाग के अधिकारी आरके सिंह, संजय मोहन, एन रवींद्र कुमार और एसएस रविशंकर सहित वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपी बनाये गये हैं।


## इजरायल ने दक्षिणी सीरिया में पूर्व सैन्य स्थल पर किये हवाई हमले

**दमिश्क।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार को दक्षिणी सीरिया में एक पूर्व सैन्य स्थल पर हवाई हमले किए। सीरिया की मानवाधिकार वेधशाला के अनुसार हमलों का लक्ष्य दारा प्रांत में जबाब और इजरा के पास 89वीं आर्टिलरी रेजिमेंट बेस था। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था ने बताया कि हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है और कितना नुकसान हुआ है, इसका अभी आकलन नहीं किया जा सका है। मानवाधिकार वेधशाला के अनुसार यह घटना 2025 की शुरुआत से सीरियाई क्षेत्र पर 21वां इजरायली हमला है। इनमें से 19 हवाई हमले थे जबकि दो जमीनी हमले थे। इजरायली अभियानों ने हथियार डिपो, सैन्य मुख्यालय और वाहनों सहित कम से कम 23 स्थलों को निशाना बनाया।

## सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध-गुर्जर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज लोकसभा में कहा कि सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए पिछले साढ़े तीन साल में साठ से अधिक पहल की है। श्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रश्नकाल ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सहकारिता मंत्रालय अपनी स्थापना के साढ़े तीन साल के अंदर सात प्रमुख क्षेत्रों में 60 पहल की हैं। इन पहलों में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस और कम्प्यूटरीकरण परियोजनाओं के माध्यम से सहकारी संस्थाओं का डिजिटलीकरण करना शामिल है।




उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता आत्मनिर्भर होगा तभी विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा सहकारिता विश्वविद्यालय के माध्यम से अगले चार वर्षों में बीस लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मियों को भी प्रशिक्षित करके उनकी दक्षता बढ़ाई जायेगी। श्री गुर्जर ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सहकारी विश्वविद्यालय में सहकारी के तीस सेक्टर है और उनसे संबंधित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सभी भाषाओं में दिया जाएगा।

## फतहसागर झील में युवक का शव बरामद

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में फतहसागर झील में पुलिस ने मंगलवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार फतहसागर झील में सर्किट हाउस के सामने एक युवक का शव तैरता देख सुबह वहां भ्रमण करने वाले लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नागरिक सुरक्षा विभाग की टीम को बुलाकर शव को झील से बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कैलाश प्रजापत (21) निवासी शास्त्री सर्कल उदयपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को एम बी चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर रही है।

## दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में फंसे 283 भारतीय नागरिकों को भारत लाया गया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रोजगार के फर्ज़ी रैकेट में फंस कर म्यांमार सहित विभिन्न दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में फंसे 283 भारतीय नागरिकों को थाईलैंड से भारत लाया गया है। भारतीय वायु सेना के एक विमान ने थाईलैंड के माई सोत हवाई अड्डे से सोमवार रात 283 लोगों को लेकर उड़ान भरी।

ये लोग मंगलवार तड़के यहां पहुंच गए। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत सरकार म्यांमार सहित विभिन्न दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में रोजगार की फर्जी पेशकश के साथ लुभाने वाले रैकेट में फंसे भारतीय नागरिकों की रिहाई और प्रत्यावर्तन को सुरक्षित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। दरअसल इन व्यक्तियों को साइबर अपराध में शामिल होने और म्यांमार-थाईलैंड सीमा के साथ क्षेत्रों में संचालित घोटाले केंद्रों में अन्य धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल करने के लिए साजिशन फंसा कर ले जाया गया था। म्यांमार और थाईलैंड में भारतीय दूतावासों ने स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके थाईलैंड के माई सोत से भारतीय वायुसेना के एक विमान द्वारा कल रात 283 भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी सुनिश्चित की। ये लोग आज तड़के यहां पहुंच गए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ऐसे रैकेट के बारे में सलाह और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से समय-समय पर प्रसारित अपनी सावधानी दोहराती है।

## ग्वाटेमाला में सक्रिय ज्वालामुखी से 30 हजार लोगों की जान खतरे में

एजेंसी

**ग्वाटेमाला सिटी।** मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला के राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण समन्वयक (कॉनरेड) ने सोमवार को चेतावनी दी कि यहां सक्रिय ज्वालामुखी से करीब 30 हजार लोगों के लिए खतरा बन गया है। एजेंसी के कार्यकारी सचिव क्लॉडिन ओगाल्डेस ने सैकेटपेक्यूज़, चिमाल्टेनैंगो और एस्कुइंटला के विभागों में रहने वाले आस-पास के निवासियों से पिछले कुछ घंटों में हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद तुरंत अपने घरों को खाली करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि



सेना और राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा, सुरक्षा महानिदेशालय (प्रोवियल) के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों का समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 282 परिवारों को पहले ही सैकेटपेक्यूज़ के सैन जुआन अलोटेनैंगो कस्बे में शरणस्थलों में पहुंचाया जा चुका है और एस्कुइंटला के कोटज़ुमालगुआपा में भी एक शरणस्थल तैयार किया गया है। कॉनरेड न्यूज़लैटर के अनुसार सक्रिय ज्वालामुखी से किसी भी समय लावा और धुएं का गुबार निकल सकता है जो ज्वालामुखी के किसी भी खड्ड से नीचे गिर सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अगर गतिविधि जारी रहती है तो अधिकारियों को उम्मीद है कि राख और धुएं का गुबार समुद्र तल से छह हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा और ज्वालामुखी के 40 किलोमीटर पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम तक के समुदायों पर गिरेगा। एजेंसी ने कहा, ज्वालामुखी के विभिन्न किनारों की ओर लगातार (लावा) हिमस्खलन भी हो सकता है जिससे कम ऊंचाई पर अधिक मात्रा में राख निकल सकती है।

## गाजा में इजरायल के हमले से एक नागरिक की मौत

**गाजा/यरूशलम।** फिलिस्तीन के गाजा में बुरेज शरणार्थी शिविर पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले में एक फिलिस्तीनी नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी शिन्हुआ को दी। सूत्रों के अनुसार एक इजरायली ड्रोन ने कल शरणार्थी शिविर के उत्तर-पूर्व में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर मिसाइल दागी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। इज़रायली रक्षा बलों के एक प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि इजरायली सेना ने गाजा शहर और मध्य गाजा में नुसेरात शरणार्थी शिविर में 'आतंकवादियों' को निशाना बनाया। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि गाजा सिटी के शुजाइय्या में तीन लोगों को आईडीएफ जवानों के पास 'विस्फोटक उपकरण लगाने का प्रयास करते' देखा गया।

## यमन के तट से 70 प्रवासियों के शव बरामद

एजेंसी

**अदन /यमन।** यमन में मोखा के उत्तर में यखतुल के पास तट से सोमवार को नाव डूबने के बाद कम से कम 70 प्रवासियों के शव बरामद किए गए। यमन के एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। यह खोज शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की रिपोर्ट के बाद हुई है। रिपोर्ट में कहा गया था कि यमन और जिबूती के तटों पर चार प्रवासी नौकाओं के पलट जाने के बाद 186 लोग लापता हैं। अधिकारी ने कहा कि तटरेखा के किनारे खोज अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय मछुआरे शवों को निकालने में अधिकारियों की सहायता कर रहे हैं। आईओएम ने बताया कि पूर्वी हॉर्न ऑफ़ अफ़्रीका और यमन के बीच इस ख़तरनाक समुद्री मार्ग ने 2024 में 558 लोगों



की जान ले ली। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीवन बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। 2024 में संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट ने संकेत दिया कि 60,897 अफ्रीकी प्रवासी खतरनाक समुद्री यात्रा करने के बाद यमन में प्रवेश कर गए। अफ्रीका के हॉर्न से यमन तक का समुद्री मार्ग अपने अत्यधिक जोखिमों के लिए जाना जाता है जहाँ प्रवासी अक्सर तस्करों द्वारा संचालित भीड़भाड़ वाले और समुद्र में न चलने वाले जहाजों में यात्रा करते हैं। कई लोग रोजगार के अवसरों के लिए खाड़ी देशों में पहुँचने का लक्ष्य रखते हैं।

## बोलीविया में भारी बारिश, 40 लोगों की मौत

**ला पाज़।** बोलिविया में भारी बारिश और उसके कारण आई बाढ़ से 40 लोगों की मौत हो गयी है और सात अन्य लापता हैं। नागरिक सुरक्षा उप मंत्री जुआन कार्लोस कैल्विमोंटेस ने चेतावनी दी है कि सोमवार को सुबह ला पाज़ शहर में भूस्खलन के कारण 80 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए, जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।अधिकारियों ने और अधिक जान-माल के नुकसान से बचने के लिए प्रभावित क्षेत्र को पूरी तरह से खाली करने का आदेश दिया है और लोगों से भूस्खलन के जोखिम वाले प्रतिबंधित क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया है। नागरिक सुरक्षा की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार रविवार तक 163,193 परिवार या तो विस्थापित हो गये या बेघर हो गए जिनमें से अधिकांश क्षतिग्रस्त घर ला पाज़ विभाग में स्थित हैं। गौरतलब है कि नवंबर में शुरू हुयी बारिश के मौसम बाद से अब तक 105 नगर पालिकाओं में भारी बारिश हुई है जिनमें से 37 पालिकाओं ने आपदा की स्थिति घोषित कर दी है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes
आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007